ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 34, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 13

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14

**आस्था की डुबकी**

**वाराणसी :** गंगा दशहरा पर रविवार को काशी के दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। इस मौके पर घाटों को सजाया गया था। वाराणसी में गंगा दशहरा पर दूर दराज के लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं।

एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

### सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में सोमवार (17 जून) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक बुधवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### एक नजर

**अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू**

**जम्मू।** अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी।

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

## राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ राहुल ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

- ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों पर भी करें सख्त कार्रवाई : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शाह ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाए के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। एक हफ्ते से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।

- जम्मू-कश्मीर में ताजा हालात पर गृहमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक
- एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

### उप राज्यपाल ने स्थिति से कराया अवगत

शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादी गतिविधियों के बारे में बताया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शाह और डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

### पांच घंटे चली बैठक, एनएसए डोभाल भी रहे मौजूद

दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

**एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी**

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

# दो बच्चों की हत्या कर फंदे पर लटकी मां

संवाददाता, लालगंज(रायबरेली)

- कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव की घटना

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने दो बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में पुलिस ने हत्या का रिपोर्ट दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गांव के रतिभान यादव की पत्नी सोनी(35) ने अपने दो बच्चों रौनक (4) और रिमझिम (2) की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गई है। सोनी रतिभान की दूसरी पत्नी थी। उसकी पहली पत्नी पूनम यादव के औलाद न होने के कारण रतीभान ने 5 वर्ष पूर्व पूरे बचऊ बेलहनी की सोनी यादव के साथ दूसरा विवाह किया था। जिसके दो बच्चे हुए थे। गांव वालों के अनुसार रतिभान की दोनों पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। शायद इसी वजह से रविवार को सोनी ने पहले अपने दोनों बच्चों की गला दबाकर हत्या की और उसके बाद स्वयं भी मौत को गले लगा लिया। तीन मौतों की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सोनी यादव फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। उसी कमरे में तख्त पर उसके दोनों बच्चे रिमझिम और रौनक भी मृत अवस्था में मिले हैं, जिससे यह जाहिर होता है कि महिला ने पहले बच्चों की हत्या की और फिर फांसी पर लटक गई। तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मौत के सही कारण का पता पीएम रिपोर्ट से ही चलेगा। पुलिस की फिंगरप्रिंट टीम ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की है।

### तीन साल के कान्हा को गला दबाकर मार डाला

**प्रयागराज।** एक सौतेली मां ने अपने ही बेटे कान्हा (2) को मौत के घाट उतार दिया। घटना यमुना नगर के शंकरगढ़ के वार्ड 10 हज्जी टोला की है। पिता अजय कुमार की तहरीर पर एसीपी बारा संतलाल ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया है। कान्हा (8) का बड़ा भाई कृष्णा सुरक्षित है।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित

अयोध्या कार्यालय

- 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालु दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

गंभीर समस्या | अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

- मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।



### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

# ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

- धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।

## एक नजर

### ज्यादा भाव में गेहूं बिकने से किसानों को लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में गेहूं, एमएसपी 2275 रुपये से ज्यादा भाव में बिक रहा है। किसानों को सरकार द्वारा तय मूल्य से ज्यादा मिल रहा है, यह सुखद स्थिति है, क्योंकि एमएसपी का उद्देश्य ही यही होता है कि तय दर से कम मूल्य पर किसान से उस उपज को कोई नहीं खरीद सकता है। यह बात रविवार को रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने विज्ञप्ति के माध्यम से कही है। उन्होंने कहा कि खुले बाजार में एम.एस.पी. से अधिक मूल्य मिलने से किसानों को लाभ हो रहा है और हम यही चाहते हैं कि अंतिम वास्तविक लाभ किसानों का हो। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 2.19 लाख टन गेहूं की ख़रीद सरकार के द्वारा की गई थी जबकि वर्ष इस वर्ष 9.30 लाख टन गेहूं की ख़रीद सरकार द्वारा की गई है अर्थात 7.20 लाख टन अधिक गेहूं खरीदा गया है।

### कांग्रेस की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाना ही लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने एक बैठक में कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना ही हमारा लक्ष्य है। जनता को हो रही परेशानी को राज्य सरकार और केंद्र सरकार तक पहुंचाना और उसका निराकरण करना ही कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन ने लोकसभा में कई जगह जीत का परचम लहराया है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर सरकार तक पहुंचाना कांग्रेस का उद्देश्य है। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सामंजस्य बनाकर जीत हासिल की है।

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजियाबाद में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। नागेश्वर उर्फ नामे नामक इस अपराधी के खिलाफ गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नामे ने गाजियाबाद के बेहटा स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स की सटर काटकर करोड़ों रुपए के आभूषण की चोरी को अंजाम दिया था।

# हर जरूरतमंद को इलाज में मिलेगी पूरी मदद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज में भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दर्शन के स्थगित रहने के कारण रविवार को काफी संख्या लोग पहुंचे, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की मांग करने वाले ज्यादा लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री।

### मृतकों के परिजन व घायलों को दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कुवैत में अग्नि हादसे में मारे गये गोरखपुर के दो कामगारों के परिजन को पांच-पांच लाख व जम्मू के शिवखेड़ी में आतंकी हमले के घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पिछले दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के निवासी अंगद गुप्ता व जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंगद की पत्नी रीता देवी व जयराम की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया, जबकि जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल राजेश, रिकसोना, गायत्री व सोनी को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया।

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोरखपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकों की सराहना की।

# राज्यपाल ने खारिज कीं 31 दया याचिका, 14 स्वीकार

**01** जनवरी से अब तक दया के लिए 45 से अधिक आवेदन पहुंचे

**20** से 25 वर्ष की सजा काट चुके हैं आवेदन करने वाले आजीवन कारावास के कैदी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिका लगातार खारिज हो रही हैं। स्थिति ये है कि पांच महीने में 45 दया याचिका राज्यपाल के पास पहुंचे जिसमें से 31 उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

बता दें कि कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था, छूटने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। जिन कैदियों की दया याचिका प्राप्त हो रही थी, उनमें से सभी आजीवन कारावास की सजा पाए हुए हैं और 20 से 25 वर्ष की सजा पार कर चुके हैं।

### जून महीने में तीन रिहा, चार की याचिका खारिज

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| इनकी याचिका हुई अस्वीकार | | |
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव तिवारी | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म के बाद हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | गोली मारकर दो की हत्या |
| इनकी हुई समय पूर्व रिहाई | | |
| केदार यादव | महराजगंज | हत्या का प्रयास |
| तसब्बर | गाजियाबाद | हत्या |
| हरिओम | अमेठी | हत्या |

## अब ग्राम पंचायत देंगी एसबीएम का हिसाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम) के कार्यों में खर्च धनराशि का हिसाब ग्राम पंचायतें देंगी। जिन्हें संबंधित वर्ष का 100 फीसद ऑडिट कराना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायतों से उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

गांवों में शौचालय, साफ-सफाई, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध समेत अन्य स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के तहत कराये गए कार्यों का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देंगी। इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू हुई है। जबकि अब तक ब्लॉक स्तर से एक साथ सभी ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाते थे। जिस वर्ष का उपभोग प्रमाण पत्र दिया जाएगा उस वर्ष का 100 फीसद ऑडिट होना अनिवार्य है। जो पंचायतें उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दे पाएंगी आगे के बजट से वंचित रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों से सभी 494 ग्राम पंचायत के वर्ष 2023-24 के उपभोग प्रमाण ऑडिट रिपोर्ट के साथ मांगे हैं। जो एक सप्ताह में देना है।

## बिजली चोरी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है।

एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।

आपूर्ति का पोस्टर दिखाते ऊर्जामंत्री।

▸▸ सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई: शर्मा

## अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि बंद चल रही अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता देर रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की उम्मीद जताते रहे।अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय खराबियों को समय पर दूर करने के लिए प्रयास जारी हैं।

## बी-टू-बी में कारोबारियों ने साझा कीं आयात-निर्यात की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में भारत के साथ अलग-अलग देशों में व्यापार की संभावनाएं तलाशने आए प्रतिनिधियों की रविवार को टेबिल टॉक करायी गयी। व्यापार को लेकर कारोबारी जिम्मेदारों के बीच बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने देश के आयात-निर्यात की नीतियां एक-दूसरे से साझा कीं।

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने बताया कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक बड़ा आयोजन रहा। इस कान्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। निश्चित तौर पर यह बिजनेस मीट प्रदेश की इकॉनोमी के लिए बेहतर परिणाम देगी।

भारतीय कारोबारियों का जोर देश के विभिन्न उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर रहा। उन्होंने भारतीय चीजों की बिक्री और विदेशों से रॉ-मैटीरियल लेने पर सहमति जताई। वहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा कि भारतीय बाजार हमें क्या निर्यात कर सकता है और हम उनकी क्या जरूरत पूरी कर सकते हैं। इस पर विचार आगे बढ़ना चाहिए तभी प्रदेश के साथ आयात-निर्यात गति पकडेग़ा और व्यापार आगे बढ़ेगा।

उदाहरण रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर हमें अनाज चाहिए तो चिकन कारीगरी और इससे जुडे. वस्त्र चाहिए तो भारत किन चीजों पर विचार करेगा। आयोजक मंडल के सचिव रमेश मलहोत्रा ने कहा कि एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों में वार्ता कराई गई जो भविष्य में अच्छे कारोबारी परिणाम लाएगी। इन्हीं संभावनाओं के साथ इस कान्क्लेव का समापन हुआ। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

▸▸ कॉन्क्लेव के अंतिम दिन विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने विस्तार से की चर्चा

## डॉ. अंजना को मिला भारत गौरव अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साहित्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अंजना सिंह सेंगर को फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड-2024 से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें पेरिस के लक्जमबर्ग पैलेस में हुए समारोह में 5 जून को फ्रांस सीनेट के उप सभापति डोमिनिक थेफिल और सीनेट सदस्य फ्रेडरिक बुवाल ने दिया। इस मौके पर फ्रांस में भारत के काउंसलेट जनरल प्रवीण कुमार मिश्रा और मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत डॉ. नरेश पुरी गोस्वामी भी मौजूद रहे। सम्मान लेने के बाद लखनऊ लौटीं डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने रविवार को यूपी प्रेस क्लब में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

अंजना सेंगर ने बताया कि संस्कृति युवा संस्था ने फ्रांस की संसद में आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड समारोह में अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले भारतवासियों और दुनिया के 18 देशों में बसे भारतवंशियों को सम्मानित किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों के फीडर को शहरी करने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नियामक आयोग में 18 को दाखिल होगी याचिका

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों के फीडर को शहरी घोषित करने की कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से 18 जून को विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को विधिक गलतियों से आगाह करते हुए फैसला वापस लेने की मांग की।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीते जनवरी-फरवरी में कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में शहरों के निकट के ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय प्रदेश में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था लागू थी, पर अब उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत सभी को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश है। मुख्यमंत्री की ओर से भी इसकी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

### बिजली महंगी करना असहनीय: प्रमोद

कांग्रेस नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट महंगी बिजली किये जाने की तैयारी उन पर असहनीय सरकार 'वार' है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी व लू में प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं।

### बिजली को महंगी करने की साजिश : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को महंगी करने की साजिश है, ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने जारी बयान में कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 3.35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहर में यह कीमत 5.50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है। बिजली और पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। बावजूद भाजपा सरकार बिजली दरें दोगुनी कर रही है।

## एयरपोर्ट के पास दो सप्ताह से खुला पड़ा है नाला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** नगर निगम की लापरवाही से सरोजनीनगर में एयरपोर्ट के पास करीब दो सप्ताह से खुला पड़ा नाला कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बताते चलें कि सरोजनीनगर में कानपुर रोड किनारे अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से नादरगंज तक बने करीब 1 किलोमीटर नाले की सफाई के लिए लगभग 2 सप्ताह पहले नगर निगम विभाग द्वारा उसके ऊपर रखे पत्थर हटा दिए गए थे। हालांकि पत्थर हटाने के बाद नाले की सफाई तो कर दी गई। लेकिन नाले को दोबारा पत्थरों से नहीं ढाका गया।

# पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ निवेशकों से रकम को हड़पने का आरोप, जांच भी शुरू

▸▸ तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई कर रही जांच

**अमृत विचार:** पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का दूसरा मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है। बतादें कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने प्रकरण को अपने हाथ में लिया है।

सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है। सीबीआई द्वारा दर्ज मुकदमे में केडी सिंह के साथ बृजमोहन महाजन, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुचित्रा खेमकर, नंद किशोर सिंह, जयश्री प्रकाश सिंह, छत्रपाल सिंह और नरेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

केडी सिंह और उनके साथियों पर आरोप है कि उन्होंने 2009 में भदोही में कंपनियों का कार्यालय खोलने के बाद लुभावनी स्कीमों के जरिए निवेशकों से करीब दो करोड़ रुपये जमा कराए थे। बाद में निवेशकों को भूखंड नहीं दिए गए। निवेशकों द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर कंपनी के संचालक वर्ष 2018 में कार्यालय बंद करके भाग गए। अवगत करा दें कि पूर्व सांसद और उनकी कंपनियों के खिलाफ सीबीआई ने विगत वर्ष भी मुकदमा दर्ज किया था।

## जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलेगा। अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा, इसी दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए तय कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश के बाद, नगर विकास विभाग द्वारा , विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय व वार्ड स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के माइक्रोप्लान, हर जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# बसपा के पूर्व एमएलसी की करोड़ों की संपत्तियों की जांच शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की कम नहीं हो रहीं मुश्किलें

▸▸ 506 करोड़ की संपत्ति जिला प्रशासन ने की थी कुर्क

**अमृत विचार:** बसपा से सहारनपुर के पूर्व एमएलसी के खिलाफ हुई कार्रवाई का कच्चा चिठ्ठा जिला प्रशासन ने तैयार किया था। हजारों करोड़ का मामला सामने आने के बाद सहारनपुर के जिलाधिकारी द्वारा सारे कागजात प्रवर्तन निदेशालय को जांच हेतु सौंपा गया। हालांकि जिलाधिकारी के स्तर से ही करीब साढ़े आठ सौ करोड़ की संपत्तियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी और संपत्तियों का पता चला है, जिस पर जांच शुरू करा दी गई है। जानकारी में आई संपत्तियां जिले के बाहर की भी बताई जा रही है।

**36 मुकदमें हैं दर्ज, 63 संपत्तियां चिन्हित:** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब्दुल वहीद एजुकेशनल एडं चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए चलाई जा रही उनकी ग्लोकल यूनिवर्सिटी और जमीन के जब्तीकरण की कार्रवाई की है। इससे विश्वविद्यालय में भी खलबली मच गई है। यहां अध्ययनरत चार हजार के अधिक विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जिला प्रशासन ने हाजी इकबाल के खिलाफ गैंगेस्टर समेत 36 मुकदमे दर्ज कराए हैं। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद कुछ मुकदमे खारिज हो गए। हाजी इकबाल और उनके साथियों की लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर समेत 63 स्थानों पर संपत्ति चिन्हित की गई। हाजी इकबाल पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसमें इकबाल को गिरोह का सरगना घोषित किया हुआ है। गिरोह में शामिल इकबाल उर्फ बाला के अलावा अब्दुल वाजिद, जावेद, मोहम्मद अफजाल, आलीशान निवासीगण गांव मिर्जापुर पोल, राव लईक निवासी रायपुर, नसीम निवासी मिर्जापुर पोल पर पुलिस ने गैंगेस्टर लगाई थी। इन सभी लोगों की संपत्तियों को चिन्हित किया गया था।

> गैंगेस्टर के तहत जिला प्रशासन ने इकबाल और उनके साथियों की 506 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। अभी भी 350 करोड़ की संपत्तियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी है। करीब 4500 करोड़ के भ्रष्टाचार के दस्तावेज ईडी को भेजे जा चुके हैं। ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है। जबकि जिला प्रशासन को अभी और संपत्तियों की सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है।
>
> **-डॉ. दिनेश चंद्र,** जिलाधिकारी सहारनपुर

**तैयारी** चुनावी सभा के बाद संबंधित सीट पर मिले वोट को बनाया जायेगा आधार

# बसपा में आकाश की उपयोगिता की हो सकती है समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चुनाव में हुए नुकसान संबंधी रिपोर्ट तैयार कर रहे मंडल प्रभारी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली हार के कारणों में बतौर उत्तराधिकारी चुनावी सभाएं करने वाले नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका भी समीक्षा हो सकती है। देखा जाना है कि उनकी चुनावी सभाओं से संबंधित सीट पर मतदाताओं पर क्या प्रभाव पड़ा। अन्य सीटों की अपेक्षा मत प्रतिशत बढ़ा या नहीं, इसके अलावा मूवमेंट को बढ़ाने में उनकी उपयोगिता कितनी है। हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी के पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराधिकारी पद हटाए गए आकाश आनंद की भूमिका संबंधी सवाल का जवाब देते हुए बसपा के लखनऊ मंडल प्रभारी व हरदोई सीट के प्रत्याशी रहे भीमराव आंबेडकर ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों को जो मत मिले हैं, वह बसपा के अपने है। जो मायावती के निर्देश पर मिलते हैं।

आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाकर भेजा गया था, वह बसपा प्रमुख के संदेश को ही बढ़ा रहे थे। वर्तमान में मायावती के बराबर पार्टी में या देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। साल 2027 में उप्र. विधानसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि मायावती चार बार मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। इसलिए अब प्रधानमंत्री पद ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती का निर्देश ही सर्वोपरि है।

### मिली थी चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी

मालूम हो कि आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। साथ ही उन्हें उप्र.में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी थी। पार्टी द्वारा बसपा प्रमुख मायावती के अलावा उनकी सभाएं प्रस्तावित की गईं। तीन चरण के मतदान तक उन्होंने ताबड़तोड़ सभाएं की थी, केंद्र सरकार के साथ अन्य विपक्षी दलों पर जमकर बोले भी थे। सीतापुर में सभा के दौरान उनके भाषण से रिपोर्ट दर्ज हो गया। जिसके बाद बसपा प्रमुख ने न केवल उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाई बल्कि उत्तराधिकारी व नेशनल कोआर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। चुनाव के परिणाम आ चुके हैं, हार के कारणों की समीक्षा के साथ ही भविष्य की रणनीति पर मंथन करने को बैठकें हो रहीं हैं। मायावती 23 जून को चुनाव के हार कारणों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक में सभी मंडल प्रभारी व सेक्टर प्रभारी द्वारा तैयार रिपोर्ट पर चर्चा होगी। पूरे देश के पदाधिकारी इस बैठक में बुलाए गए हैं। लापरवाही बरतने वालों के साथ ही भविष्य की रणनीति को लेकर संगठन में कई बदलाव हो सकते हैं।

### एनडीए व इंडी गठबंधन एक हो गए

लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने कहा कि देश में दलित व कमजोर लोगों की सर्वमान्य नेता मायावती को व बसपा के मूवमेंट को रोकने के लिए इस लोकसभा चुनाव में दोनों (एनडीए व इंडी) गठबंधन एक हो गए। दोनों ने मिलकर दलितों के अधिकार को खत्म किया है। उनकी यह लड़ाई जारी रहेगी। दलितों को भी अधिकार है कि उनका नेता प्रधानमंत्री हो। लेकिन, दलित विरोधी ताकतें एकजुट हैं।

**आज का मौसम**

अभी दो से तीन दिन तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

46.0° अधिकतम तापमान | 35.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### सबा का इंटरनेशनल चैंपियनशिप में चयन

सबा बुतूल आब्दी

**रायबरेली,अमृत विचार।** जिले की सबा बुतूल आब्दी ने एक बार फिर गौरव बढ़ाया है। बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर एशिया कप ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप 21 से 23 जून गोवा में आयोजित होगा। सबा ने बताया कि वर्तमान में वह कोच अकबरूद्दीन निर्देशन में ट्रेनिंग कर रही है। इससे पहले भी सबा कई बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है।

### आरोग्य मेले में 58 मरीजों का किया गया उपचार

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** रविवार को हरदी टीकर पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा सुफैल अहमद ने की। उन्होंने बताया कि आरोग्य मेले में 58 मरीज ने पंजीकरण कराया है। जिनका डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया। मेले में आए मरीजों ने शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन, एनीमिया, जुखाम, बुखार व पेट दर्द आदि बीमारियों का उपचार करवाया। निशुल्क रूप से दवाएं वितरण की गई।

### जान से मारने की धमकी पर कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी रमेश बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के आर्य नगर निवासी विचित्र कुमार व उनके बेटे सौरभ कुमार ने कई लोगों को साथ लेकर उसके खेत में जबरन जुताई करा ली। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक चालक घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे झाम सिंह के पास सुबह का ई-रिक्शा ने बाइक अर्जुन सिंह पुत्र दिनेश बहादुर सिंह निवासी रानीगंज को टक्कर मार दी। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद घायल बाइक चालक को जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। बता दें कि बाइक चालक जगतपुर की तरफ आ रहे थे, तभी पूरे झाम सिंह के पास ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी।

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास विरोध पर मां-बेटी को पीटा

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि शुक्रवार को दोपहर बाद वह घर से बाहर थी। उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेले थी। इसी दौरान गांव के विशाल कुशवाहा पुत्र राम सिंह कुशवाहा ने उसके घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी के विरोध करने पर उसने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान उसने भी विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसे भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और किसी से शिकायत करने पर मां बेटी को जान से मार देने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गंगा तटों पर उमड़ी आस्था, श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## गंगा दशहरा पर सुबह से ही उमड़ने लगे थे श्रद्धालु, पूजा-अर्चना कर की सुख- समृद्धि की कामना

संवाददाता, ऊंचाहार

**रायबरेली, अमृत विचार।** मोक्ष दायिनी मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर आस्था ने आग उगलती धूप की तपिश को ठंडा कर दिया। चिलचिलाती धूप में तपती रेत पर पैदल चलकर श्रद्धालु मां गंगा के तट पर पहुंचे। स्नान के बाद विधिविधान से पूजा-अर्चना करके मां गंगा से कल्याण की कामना की है।

क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर इस समय पर्यटन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार का काम चल रहा है, जिससे सीढ़ियों और घाटों को खोदकर काफी गड्ढा कर दिया गया है। मां गंगा की धारा फतेहपुर जनपद की सीमा को स्पर्श करते हुए प्रवाहित हो रही है, जिसके कारण श्रद्धालु करीब एक किमी रेत में पैदल चलकर स्नान के लिए उस पार जाना पड़ा। रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर हजारों की संख्या में स्नानार्थी ने आस्था की डुबकी लगाई है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में किए गए स्नान और दान से भक्तों को सात जन्मों का पुण्य मिलता है। गंगा मां ज्येष्ठ शुक्ल की दशमी तिथि को धरती पर पहाड़ों से उतर कर हरिद्वार ब्रह्मकुंड में आईं थीं और तभी से इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाने लगा। गोकना गंगा घाट के तीर्थ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि राजा भागीरथी के तप से प्रसन्न होकर महादेव ने गंगा को धरती पर जाने का आदेश दिया था। जिसके बाद मां गंगा के पावन चरणों की धूली पाकर राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार हुआ था।

गंगा दशहरा पर गोकना घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### डलमऊ, रालपुर, गेगासो घाटों पर उमड़े लोग

ऊंचाहार के गोकना, तीर का पुरवा, बादशाह घाट के साथ ही डलमऊ के रानी शिवाला, संकट मोचन, बड़ा मठ, कच्चा घाट, पक्का घाट समेत रालपुर और गेगासो स्थित घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। गंगा मइया के जयकारे से दिनभर तट गूंजता रहा। हालांकि गर्मी का असर साफ देखने को मिला। लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालु हजारों में ही रहे। सभी ने पूजा अर्चना के बाद पुरोहितों को अन्न, वस्त्र आदि दान देकर सुख समृद्धि की कामना की।

# गंगा दशहरा पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

गंगा दशहरा पर प्रसाद वितरण करते साहू परिवार के लोग। अमृत विचार

**संवाददाता लालगंज,रायबरेली।** लालगंज नगर के अमरदेव साहू परिवार के द्वारा विगत 26 वर्षों से गंगा दशहरा पर मां गंगा के पावन तट पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

रविवार को साहू परिवार के द्वारा सुबह 6 बजे से ही भंडारे का आयोजन प्रारंभ किया गया। गंगा स्नान करने पहुंचे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नवीन साहू ने बताया कि इस दिन लोग सुबह से ही स्नान करने आ जाते हैं। जिससे सभी को प्रसाद मिल सके। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता, होरीलाल साहू, प्रशांत, राहुल, राधा रमन, विवेक, कौशल आदि लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

# बकरीद आज, बाजारों में खरीदारी को उमड़े लोग

## मस्जिदों और इबादतगाहों में नमाज की तैयारियां पूरी, प्रशासन सतर्क, बकरा मंडियों में भी खरीदारों की लगी रही भीड़

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह ईदगाह की नमाज के बाद कुर्बानी होगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई है।

बकरीद पर्व पर मुस्लिम परिवारों में मीठी सेंवई का भी स्वाद चखने को मिलेगा।त्योहार के मद्देनजर बाजारों में काफी भीड़ उमड़ी रही। कुर्ता-पाजामा की बिक्री बहुत अधिक रही,जबकि युवतियों की भीड़ रेडीमेड सलवार सूट और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर रही। देर रात तक बाजार में रौनक बनी रही।

मुसलमानों के प्रमुख त्योहारों में शामिल ईद-उल-अजहा सोमवार को है। पर्व को लेकर छोटे से लेकर बड़ों में खुशियां चरम पर है। घरों में साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। त्योहार के मद्देनजर कहारों का अड्डा, सब्जी मंडी तिराहा, किला बाजार, तिलियाकोट आदि स्थानों पर बाजारें सजी हैं, जहां कुर्ता-पाजामा, टोपी, चूड़ियों की दुकानों में काफी भीड़ उमड़ी रही। सुबह से ही लोग घरों से निकलकर लोग जरूरत की सामग्री खरीदने के लिए बाजारों पहुंचने लगे हैं। दोपहर में गर्मी के कारण सन्नाटा रहा। वहीं, शाम को बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं रहीं। पर्व को मनाने के लिए मुस्लिम परिवारों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेवई की दुकान हो या फिर रेडीमेड कपड़ों अथवा सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सभी पर लोगों की भीड़ जमा रही।

वहीं,बकरीद को लेकर ईदगाह की साफ-सफाई की गई है, जहां पर सुबह सात बजे नमाज होगी। इसके बाद अकीदतमंद कुर्बानी देंगे। ऊंचाहार में ईदगाह की नमाज मौलाना मो.अहमद के नेतृत्व में पढ़ी जाएगी। उससे पहले 6.30 बजे फाटक भीतर मस्जिद, 7:30 बजे सराय मोहल्ला की मस्जिद और 7:45 बजे खरौली रोड स्थित बड़ी मस्जिद में नमाज होगी। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष शाहीन सुलतान ने बताया कि इस्लाम में कुर्बानी बहुत अहम है। जिनकी माली हालत ठीक है, उन्हे जरूर कुर्बानी देनी चाहिए। यह त्याग का एक हिस्सा है।

ईद-उल-अजहा पर किला बाजार के निकट बकरा की खरीददारी करते लोग। अमृत विचार

बकरे की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

बाजार में बिकने को आया 60 हजारी बकरा।

| मस्जिद - ईदगाह | नमाज का समय |
|---|---|
| ईदगाह डबल फाटक | 8:30 बजे |
| शाही ईदगाह खपर मलंग | 7:45 बजे |
| जुमा मस्जिद खिन्नी तल्ला | 8 बजे |
| नूर मस्जिद तेलियाकोट | 7:30 बजे |
| मदरसा महबूब आलम कहारो के अड्डे | 8:30 बजे |
| दायरे की मस्जिद- | 7 बजे |
| सुन्नी मरकजी मस्जिद टाउन हाल | 7:30 बजे |
| मस्जिद अनवार मदीना अनवर नगर | 7:30 बजे |
| मस्जिद हबीब खान सिंधी क्वार्टर | 7:30 बजे |
| छोटा घोसियाना | 7:30 बजे |
| बड़ा घोसियाना | 8:15 बजे |

### बकरा मंडी में उमड़े लोग, जमकर की खरीददारी

बकरीद के पर्व पर कुर्बानी का विशेष महत्व है। इसलिए किला बाजार में मेला जैसा माहौल रहा। यहां पर दूरदराज से आए लोगों ने अपने जेब के अनुसार बकरे की खरीददारी की। इस दौरान सबकी निगाहे बीस हजार बकरे पर टिकी रही। हर कोई उसे खरीदना चाहता था, लेकिन दाम सुनकर मायुस हो जाते है। देर शाम तक खरीददारों की भीड़ उमड़ी रही। बकरीद पर महंगे से महंगा बकरे की कुर्बानी का प्रचलन है। लोग अपने जेब के अनुसार बकरे की खरीददारी करते है। किला बाजार में बकरा मंडी लगी रही, जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पांच बकरे लेकर आए असफाक का कहना है कि यहां पर अच्छी कीमत मिल जाती है। यहां पर पांच हजार रुपये से लेकर 60 हजार रुपये तक के बकरे है। इससे बड़ी मंडी लखनऊ की होती है। रज्जाक बताते है कि अच्छी नस्ल के बकरे तो पहले ही बिक जाते है। वैसे सभी लोग अपनी क्षमता के अनुसार ही बकरों पर रुपये खर्च करते है। मेराज बताते है कि पिछली बार 10 हजार का बकरा खरीदा था। अबकी बार तो दाम आसमान छू रहे हैं। बकरों के मोलभाव का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।

### त्याग व बलिदान का त्योहार है बकरीद

महताब आलम
कांग्रेस प्रवक्ता

मो. अली, अध्यक्ष
नगर पंचायत

**रायबरेली, अमृत विचार।** बकरीद को लेकर लोगों में उल्लास है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष नसीराबाद मो. अली ने सभी को ईद उल अजहा "बकरीद" की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग और बलिदान का त्योहार है।

तीन दिन चलने वाले इस पर्व पर सारी दुनिया के मुसलमान अल्लाह की राह मे अपनी सबसे प्यारी चीज़ कुर्बान करने की पैगम्बर हज़रत इब्राहीम की सुन्नत अदा करने की परम्परा को निभाते हैं। नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई करा दी गई है। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि हमें अपने आस पड़ोस की भावनाओं का सम्मान करते हुए कुर्बानी के जानवरों को खुले एवं सार्वजनिक स्थानों पर नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बधाई देते हुए सभी से दूसरों की भावनाओं का सम्मान और ख्याल रखते हुए ईद उल अजहा के पवित्र त्योहार को मनाने की अपील की है।

# दो दिन से बिजली गुल, गर्मी से ग्रामीणों में मचा हाहाकार

संवाददाता, डलमऊ

**रायबरेली,अमृत विचार।** बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से दो दिनों से हजारों की आबादी अंधेरे में रह रही है। विभाग की लापरवाही के चलते खंभे की जगह सफेदा के पेड़ से 11 हजार लाइन के तार को लटका कर गांव में सप्लाई दी जा रही है।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरसना के जलालाबाद गांव में 2 दिन से हजारों गांवों के लोग भीषण गर्मी में अंधेरे में रह रहे हैं। गांव में पिछले डेढ़ साल से ट्रांसफार्मर से तीन सौ मीटर एबीसी केबल जर्जर हालत में पड़ी हुई है। केबल में एक दर्जन से अधिक जोड़ है। इसी जर्जर केबल से 150 घरों से अधिक लोगों को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। ऐसा भी नहीं है कि गदागंज पावर हाउस में तैनात जेई एवं एसडीओ को इसकी जानकारी नहीं है लेकिन अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं। हद तो तब हो गई जब खंभे की जगह चलती हुई लाइन की केबल को सफेदा के पेड़ से 11 हजार लाइन को लटका कर गांव में तार को ले जाकर सप्लाई दी जा रही है। विद्युत लाइन चालू होने पर जमीन पर पड़े बिजली के केबल से जीव जंतुओं के लिए खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में दो बार आग भी लग चुकी है। जानवर भी झुलस चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में गदागंज पावर हाउस में तैनात जेई से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

बाग में जमीन पर पड़ा बिजली का तार।

# बीएसए की कार्यशैली पर उठा सवाल,11वें स्थान पर जिला

## जिले के 606 विद्यालयों में 50 से कम छात्र, निदेशक को भेजी सूची

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के लचर रवैये के चलते जिले में शिक्षण व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम में गरीब परिवार के बच्चों को प्रवेश पाने के लिए नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं। वहीं, परिषदीय विद्यालयों से मोहभंग होता जा रहा है। हाल ही में निदेशक को भेजे गए 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की सूची में रायबरेली का प्रदेश में 11वां स्थान है। छात्र संख्या पर्याप्त नहीं होने के कारण इन विद्यालयों के बंद होने के आसार भी बढ़ गए हैं। यदि ऐसा होता है तो यहां पर पंजीकृत बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

जिले में 2300 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। शासन की ओर से बेसिक शिक्षा में सुधार को लेकर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कायाकल्प में लाखों रुपये प्रत्येक विद्यालय को सजाने और संवारने के लिए खर्च किया गया। इसके बावजूद बीएसए की लचर कार्यशैली के चलते बच्चों को विद्यालय आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। पचास कम छात्र संख्या वाले 567 प्राथमिक और 39 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। इनमें से कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बहुत ही शर्मनाक है,जबकि इन स्कूलों में दो से तीन शिक्षक नियुक्त हैं। शासन स्तर से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों की सूची तलब की हैं। निदेशक शिक्षा कंचन वर्मा के पत्र में 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों के चलाने के लिए समीक्षा की जरूरत है चलाए जाएं, या फिर इनको बंद कर दिया जाए। इस पर विचार करने योग्य है' बेसिक शिक्षा विभाग ने ऐसे विद्यालयों की सूची शासन को भेज दिया है। बीएसए के मनमाने रवैये के कारण एक बार बेसिक शिक्षा विभाग चर्चा में आ गया है।

### गुपचुप तरीके से टेंडर, मार्च में बजट पर खेल

बेसिक शिक्षा विभाग में गुपचुप तरीके से टेंडर कराना कोई पहली बात नहीं है। हाल ही में सिम प्रकरण को लेकर विभाग सवालों के घेरे में है। इससे पहले एक ही टेबल पर जमे बाबू द्वारा गुपचुप तरीके से कई टेंडर कराने का आरोप भी लग चुका है। सबसे खास बात यह है कि मार्च महीने में बजट का खूब खेल हुआ। इसमें भी बीएसए मौन रहे। हालांकि उनकी माने तो बजट देरी से मिला।

# निर्माण का विरोध करने पर सात लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली,अमृत विचार।** नगर पंचायत द्वारा मेला ग्राउण्ड की सुरक्षित जमीन पर बनवायी जा रही दुकानों का विरोध करना ग्रामीणों को भारी पड़ा। मामले में निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार द्वारा शनिवार की देर रात दीं गयी तहरीर पर 7 लोगों के विरूद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो को शांति भंग मामले में जेल भेजा है। वहीं दूसरे पक्ष से भी चेयरमैन प्रतिनिधि सहित 5 नामजद व 9 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, छेड़छाड़ की तहरीर रविवार को दी गई है।

बता दें कि मेला ग्राउण्ड के नाम से दर्ज सुरिक्षत भूमि नगर विस्तार में नगर पंचायत में आने के बाद नगर पंचायत द्वारा उसमें 5 दुकानों का निर्माण कराना शुरू किया। दुकान निर्माण कार्य की जिम्मेदारी खिन्नी तल्ला रायबरेली निवासी फरीद खान पत्नी इसरार अहमद को मिली। वहीं निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत किया जिसके बाद जांच होने तक डीएम ने कार्य रूकवा दिया। यहीं नहीं कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी, जो निरस्त हो गयी। उधर निर्माण कार्य करा रही महिला ठेकेदार फरीद खान ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर निर्माण सामग्री इधर-उधर करने, मजदूरों को धमकाने का आरोप लगाया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल, सपा नेता फिरोज अहमद, संदीप वैश्य, रविकान्त, राम प्रसाद, अवधेश कुमार, सुजीत के विरूद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे से दो लोगो सुजीत व रविकांत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं दूसरे पक्ष से रविवार को राम प्रसाद ने तहरीर देते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि सहित 5 नामजद व 9 अज्ञात लोगों के विरूद्ध धरना स्थल पर पहुंचकर जाति सूचक शब्दों में गाली-गलौज, मारपीट व महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

# राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को निभाता है कार्यकर्ता : चंपत राय

संवाददाता,रायबरेली

**अमृत विचार ।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद अवध प्रान्त द्वारा परिषद शिक्षा वर्ग के समापन में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय शहर आये। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के समापन सत्र में आज अपने कार्यकर्ताओं बीच में आया हूँ। हमारा कार्यकर्ता प्रशिक्षण के उपरांत समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाता है। मंदिर निर्माण संबंधी सम्पूर्ण संरचना व मंदिर के अन्दर अन्य निर्माण के संबंध में चर्चा की। गो तस्करी और धर्मांतरण पर उन्होंने कहा हमारे कार्यकर्ता ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सजग है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, गोरक्षा विभाग अवध प्रांत हरिश्चंद शर्मा, जिला मंत्री धनंजय पांडे, जिला समरसता प्रमुख जयशंकर श्रीवास्तव ,जिला सह संयोजक उमेश पांडे, जिला संयोजक सुरेश सिंह, सहित कई जिला व प्रखंडों के कार्यकर्ता रहे।

कार्यक्रम में मौजूद चंपत राय।

**मनमानी** | मुख्यमंत्री आरोग्य मेला महज फोटो सेशन तक सीमित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बने लाचार

# सीएमओ का आदेश नहीं मान रहे चिकित्सक, मरीज परेशान

हर्षित शुक्ला

**डलमऊ, रायबरेली।** जिला मुख्यालय ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। दिनों दिन व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। वहीं जिम्मेदार दफ्तर में बैठकर भीषण गर्मी में एसी की ठंड हवा ले रहे हैं। हाल यह है कि आमजन के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री आरोग्य मेला महज फोटो सेशन तक सिमट कर रह गया है। गर्मी में जहां मरीज परेशान हैं। वहीं पर मेडिकल ऑफिसर मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें मेडिकल ऑफिसर की ड्यूटी लगाई गई है। इससे रोगियों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता है। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर धई में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा डॉक्टर सौम्या यादव की ड्यूटी लगाई गई। मेडिकल ऑफिसर सुबह अस्पताल पहुंची और हाजिरी लगाने के बाद फोटो खिंचवाकर वापस चली गई। किसी भी मरीज का उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण तक नहीं किया। केवल वहां पर मौजूद फार्मासिस्ट स्वास्थ्य मेले की खाना पूर्ति करते नजर आए। हद तो तब हो गई जब स्थलीय निरीक्षण करने पर आला अधिकारियों को मेडिकल ऑफिसर के गायब होने तक की खबर नहीं लगी। डॉ. सौम्या यादव लापरवाह मेडिकल ऑफिसर्स में से एक है। आरोप है कि वह कभी भी अपनी रोस्टिंग के अनुसार ड्यूटी करने नहीं आती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर धई में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। वहां पर किसी भी मेडिकल ऑफिसर की तैनाती नहीं है। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के लिए विशेष ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन फिर भी डॉक्टर वहां नहीं पहुंचते हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर धई में चिकित्सक की खाली पड़ी कुर्सी।

### जबरन नहीं करा सकते ड्यूटी : सीएमओ

इस बाबत जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि जब मेडिकल ऑफिसर ड्यूटी करना नहीं चाह रहे हैं तो उनसे जबरन ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती है। फिर भी यदि मेले के दिन लगाई गई ड्यूटी से डॉक्टर गायब हैं तो उनके विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पूर्व में भी ऐसा कई बार हो चुका है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सिमट गया।

### दिनभर भटकते रहे मरीज, नहीं मिली राहत

रविवार को दिनभर मरीज भटकते रहे, लेकिन उनको राहत नहीं मिल सकी। दवा लेने आए मरीज शिव प्रकाश, रामरती, नित्या ने बताया कि वह दवा लेने आई थी, लेकिन वहां डॉक्टर नहीं थे। इस वजह से उन्हें दूर माधवपुर दवा लेने के लिए जाना पड़ा।

### डॉक्टर कब गायब हो गईं, पता नहीं : चिकित्सा अधीक्षक

इस संबंध में जब चिकित्सा अधीक्षक ज्ञान प्रकाश सिसोदिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेले के लिए स्पेशली डॉक्टर सौम्या यादव को एक दिन पूर्व ही रोस्टिंग के हिसाब से ड्यूटी लगा दी गई है। उनके ड्यूटी पर पहुंचने की फोटो भी उनके पास आई है, लेकिन वह वहां से कब गायब हो गई उन्हें जानकारी नहीं है।

# कहीं रोज का झगड़ा तो नहीं बनी मौत की वजह

## रतिभान की दूसरी पत्नी थी सोनी, पहली पत्नी से नहीं था कोई बच्चा

संवाददाता, लालगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव में महिला व दो बच्चों की हत्या के बाद मातम पसरा हुआ है। गांव वालों ने बताया कि रतिभान यादव की सोनी से दूसरी शादी हुई थी। कारण पहली पत्नी पूनम से उसको कोई बच्चा नहीं हो रहा था।

शादी के कुछ दिनों तक तो सब कुछ ठीकठाक था। लेकिन कुछ दिनों बाद दोनों सौतन के मध्य विवाद होने लगा। जिसको लेकर रतिभान दोनों को समझाने का प्रयास करता था। घटना के बाद आहत पति रतीभान ने रोष जताते हुए कहा कि कि फांसी तो पूनम को लगाना चाहिए था, जिसके कोई औलाद नहीं थी। जिसके कारण ही उसने दूसरी शादी सोनी यादव से की थी। शायद सोनी यादव ने रोज-रोज के वाद विवाद से ऊबकर इतना बड़ा कदम उठाया है। रतीभान यादव इस घटना से बहुत ही दुखी था, उसने कहा कि उसकी तो दुनिया ही उजड़ गई है। अब वह किसके सहारे जिंदगी बिताएगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ,सीओ लालगंज अनिल कुमार सिंह, कोतवाल शिव शंकर सिंह ,हल्का दरोगा अवधेश यादव, सहित एफएसएल की टीम मौके पर मौजूद रही।

पति रतिभान से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल। अमृत विचार

### बहन को छोड़ने गया था रतिभान

घटना के दौरान रतिभान अपनी बहन को छोड़ने उसकी ससुराल गया था। जबकि मृतका की सौतन और रतिभान की पहली पत्नी पूनम खेतों की रखवाली करने गई थी। घटना के समय सोनी अपने बच्चों के साथ थी। आखिर इस दौरान क्या बात हुई कि उसने अपने ही बच्चों की हत्या कर खुद फांसी में झूल गई। यह अब पुलिस के लिए बड़ा सवाल बन गया है।

### 6 महीने पूर्व भी हो चुकी है एक घटना

रविवार को जिस तरीके से सनसनीखेज मामला सामने आया है, ठीक इसी तरीके से रेल कोच फैक्ट्री के आवासीय परिसर में 6 महीने पूर्व एक घटना घटित हुई थी। जिसमें नेत्र चिकित्सक ने अपने दो बच्चों सहित पत्नी को मार खुद को मौत के गले लगा लिया था। पूरे विजय सिंह गांव में घटी हुई इस घटना के बाद लोग उस घटना को याद करने लगे है। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पहले ही ऐसी ही वारदात हुई थी।

> घटना दुखद है पुलिस की सभी टीमें अपने कार्य में लगी हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद घटना की सही जानकारी हो पाएगी। पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है।
>
> –अभिषेक अग्रवाल, एसपी, रायबरेली

# पंखे के कुंडे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, डीह

**रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह उस समय हड़कम्प मच गया जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर के कमरे में लटकता मिला।

युवक के शव लटकने की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को फंदे से नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के रोखा गांव निवासी आशुतोष पुत्र रमेश चंद्र अग्रहरि ने शनिवार की रात घर मे कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर छत में पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। रविवार की सुबह जब कमरे का दरवाजा नही खुला तो परिजनों ने खिड़की झांक कर देखा तो आशुतोष का शव पंखे के कुंडे से लटकता दिखा। युवक के फांसी पर लटके होने की जानकारी होते ही हड़कम्प मच गया। आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

पिता रमेशचंद्र की सूचना पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को बाहर निकलवाया। उधर जवान बेटे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सभी लोगो की जुबान पर एक ही सवाल था कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि इतनी बड़ी घटना घट गई। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि परिजनों ने बताया कि आशुतोष मानसिक रूप बीमार चल रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### गायत्री जयंती पर 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न

**रायबरेली।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को गायत्री जयंती व गंगा दशहरा के पावन पर्व पर 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं भंडारा संपन्न हुआ। आज के दिन मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थी। गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ युगऋषि आचार्य पं श्रीराम शर्मा का निर्वाण दिवस है। गायत्री परिवार के लिए आज का दिन अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। सुबह 7 :30 बजे से पीले परिधान में भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शक्ति पीठ पर हवन पूजन के लिए इकट्ठा हुए। प्रात: काल से ही गायत्री मंत्र की गूंज से यज्ञ में आहुतियां डाली जा रही थी।

# बूढ़ा कहने पर मजदूर ने साथी को फावड़े से काटकर मार डाला

## नाइपर बिल्डिंग में काम करते थे दोनों श्रमिक, घटना के बाद हत्यारोपी फरार

संवाददाता, बछरावां

**रायबरेली, अमृत विचार।** एक मजदूर को दूसरे मजदूर को बुड्ढा कहना भारी पड़ गया, नाराज मजदूर ने फावड़े से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विनायकपुर ग्राम सभा में नाइपर के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें बिहार और छत्तीसगढ़ के मजदूर काम कर रहे हैं। इसी बीच काम कर रहे एक मजदूर मंगलराम कहार पुत्र भरतराम निवासी सुर्ख जनपद गढ़ा बिहार ने अपने साथी मजदूर दुर्गा केवट पुत्र कुंभज निवासी तिलेंडा लवानपुर जनपद बलौदा छत्तीसगढ़ को बुड्ढा अक्सर कहा करता था। जिससे दुर्गा अक्सर नाराज हो जाता था लेकिन दुर्गा उसकी नाराजगी को मजाक में डाल देता था। शनिवार रात को भी वह उसे बूढ़ा कहकर मजाक कर रहा था। जिससे नाराज होकर दुर्गा ने मंगल को समझने की कोशिश की लेकिन वह नही माना। बार-बार मना करने पर जब मंगल राम नहीं माना तो दुर्गा केवट ने फावड़ा उठाकर मंगल राम फावड़ा लेकर दौड़ा लिया जिससे वह गिर गया जमीन पर गिरते ही उसने फावड़े से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। हमले में उसने उसकी गर्दन तक काट ली जिससे मंगल की मौत हो गई। वही घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी दुर्गा केवट मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फरार हत्यारोपी दुर्गा केवट की तलाश के लिए टीम में गठित करके छापेमारी शुरू कर दी है। इस बारे में थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बिल्डिंग के सुपरवाइजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी की तलाश जारी है।

### महिला श्रमिक दुर्गा से करना चाहता था शादी

निर्माणाधीन बिल्डिंग जहां पर हुई वारदात। अमृत विचार

**रायबरेली।** नाइपर की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लंबे समय से काम चल रहा है। जिसमें हरियाणा और छत्तीसगढ़ के बड़ी संख्या में मजदूर काम करते हैं। इसी बिल्डिंग में कुछ दिन पहले तक बिहार की एक युवती काम करती थी। जिसको दुर्गा मन ही मन चाहता था और एकतरफा उसको अपना दिल दे बैठा था। जिसको लेकर दुर्गा और मंगल के बीच अक्सर हंसी मजाक हुआ करता था। लेकिन यह हंसी मजाक दुर्गा को नागवार लगता था। बताया जा रहा है शनिवार रात को भी युवती को लेकर किसी प्रकार का मजाक हुआ जिसके बाद उसने मंगल ने दुर्गा को कहा कि तुम बुढ्ढे हो गए हो अब तुम्हारी शादी नहीं हो सकती है। जिसके बाद नाराज दुर्गा ने मंगल पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल युवती काफी समय पहले ही अपने घर जा चुकी है। लेकिन उसके एकतरफा प्यार का जुनून दुर्गा पर सवार था।

# रायबरेली के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बदहाल

संवाददाता, लालगंज

लालगंज रेलवे स्टेशन पर बिगड़ा पड़ा नल।

**रायबरेली।** भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर इंडिया मार्का हैण्डपम्प खराब होने से यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। प्लेटफार्म नंबर एक का इंडिया मार्का नल खराब पड़ा है। प्लेटफार्म पर 2-2 जनरेटर लगे हुए हैं लेकिन पानी के सप्लाई के लिए बिजली का इंतजार रहता है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि बिजली की ट्रिपिंग के चलते पानी की टंकी नहीं भर पाती है जिसके कारण वाटर कूलर से सप्लाई नहीं हो पा रही है। वास्तव में गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति को पानी की जरूरत होती है इसके बावजूद भी लापरवाही बरती जा रही है। रविवार को सुबह लोग वाटर कूलर से पानी लेने गए तो पानी न मिलने पर उन्हें निराश लौटना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि जब सरकार और जिले के चुने हुए जनप्रतिनिधि पानी की भी व्यवस्था नहीं कर सकते तो क्या करेगे। वही आरक्षण हाल में फैली गंदगी भी स्वच्छ भारत अभियान को मुंह चढ़ाने के लिए पर्याप्त है। शाम को बिजली न होने पर रेलवे स्टेशन अंधेरे में डूब जाता है। ऐसी स्थित में यहां पर चोरी की घटनाएं होने की आशंका भी यात्रियों में बढ़ जाती है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, मदन मिश्रा ने रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बहाल कराए जाने की मांग की है।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने दिया मदद का भरोसा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने क्षेत्र के चडरई गांव निवासी सीताराम गौतम के दो पुत्र सूरज (28) एवं अक्षय कुमार (22) की एक साथ सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही बाबूगंज निवासी सुधीर अग्रहरि (32) की करंट लगने से दुखद मृत्यु एवं बरगदही निवासी संजय यादव की धर्मपत्नी (40) की सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे, राम दत्त पांडेय, कप्तान सिंह, पूर्व खंड विकास अधिकारी रामकुमार सिंह, राकेश यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# उपरिगामी सेतु निर्माण के कारण उड़ती धूल से राहगीर परेशान

संवाददाता, रायबरेली

मुंशीगंज में रेलवे क्रासिंग के पास सड़क पर पड़ा मलबा व उड़ती धूल।

**अमृत विचार।** डलमऊ मार्ग पर मुंशीगंज रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उपरिगामी सेतु का निर्माण राज्य सरकार की ओर से शुरू करा दिया गया है। उपरिगामी सेतु के निर्माण से स्थानीय निवासियों को राहत तो निर्माण के बाद ही मिलेगी, किन्तु जब तक निर्माण चल रहा है स्थानीय निवासियों के लिए नित्य नई समस्याएं पैदा होती जा रही हैं। इन समस्याओं में कुछ एक तो स्थानीय निवासियों के जीवन से खिलवाड़ करती नजर आ रही है।

उपरिगामी सेतु के निर्माण की कार्यदायी संस्था इन समस्याओं के प्रति अवगत कराने के बाद भी अनदेखी करती नजर आ रही है। जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो जन आक्रोश धरने और प्रदर्शन के रूप में बदल सकता है। तब जिला प्रशासन और कार्यदायी संस्था दोनों के लिये मुश्किले खड़ी हो सकती हैं। एम्स आने जाने के लिए लोगों का रास्त सुगम बनाने के लिए सरकार मुंशीगंज कस्बे में ओवरब्रिज का निर्माण करा रही है। कार्यदायी संस्था सेतु निगम डलमऊ मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के झंझट से राहगीरो को छुटकारा तीन वर्ष में मिल जाएगा। सरकार के इस प्रोजेक्ट पर काम करने का जिम्म सेतु निगम को सौंपा है। सेतु निगम ने बहुत तेजी से इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निकट एक बोर्ड लगा दिया है। जिस पर लागत से लेकर काम शुरु करने सहित सभी प्रकार की जानकारी बोर्ड पर अंकित कर दिया है, लेकिन सेतु निगम ने ओवरब्रिज का काम कस्बे व आसपास के लोगो व राहगीरो के हितो को दरकिनार कर किया जा रहा है। सेतु निगम के अधिकारियो के मनमाने रवैया से लोगो की परेशानी बढने लगी। व्यापारी नेता वीरेंद्र अग्रहरि, लल्ला अग्रहरि, शिवकुमार, आलोक अग्रहरि आदि कस्बेवासियों आक्रोश जताते हुये कहा है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वह लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## परमात्मा का ज्ञान स्वयं की पहचान

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए साध संगतो ने सत्संग में बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा बसंत सिंह ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु निरंकार प्रभु परमात्मा का ज्ञान देकर स्वयं ही पहचान करा देता है। मनुष्य योनि में जन्म लिया है तो हमारी पहचान मानवीय गुणों से होगी। इस मौके पर आशीष कुमार, अंकित, राम लखन, राम प्रसाद, राम सुमेर, बाबूलाल, संजय कुमार, शिव मूर्ति, कमला, आदि साध संगत मौजूद रहे।


त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी–रायबरेली (कानपुर–रायबरेली रोड)
सम्बद्ध :– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)
E-mail:tkmv2016@gmail-com

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय सेमरी, रायबरेली
सम्पर्क सूत्र– 8887769426, 9044794511

अब वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत: निम्न पदों पर UGC द्वारा पी.एच.डी. /नेट अर्हताधारी प्राचार्य / प्रवक्ता हेतु एक-एक पद की आवश्यकता है।

**प्राचार्य पद हेतु:–** 01 पद अनुभव 15 वर्ष।
**कला संकाय प्रवक्ता पद हेतु:** हिन्दी साहित्य विषय हेतु 01 पद।
**नोट:–** इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

**कमल बहादुर सिंह**
प्रबन्धक
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी–रायबरेली



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं **सत्येंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ** मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रिंकू कुमार के गलत संगत के चलते उसका चालो चालान खराब हो गया है जिससे मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं भविष्य में रिंकू कुमार द्वारा किए गए कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा । **– राकेश कुमार पुत्र स्व लक्ष्मण निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना व परगना देवा बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मयंक कुमार सिंह का चाल–चलन ठीक नहीं हैं। वह मेरे परिवार से अलग निवास करता है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। मैंने उसे अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **–पुष्पेन्द्र सिहं ग्राम– लालपुर शिवराजपुर थाना – शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

मैं **नीतू निगम, पत्नी राजीव मोहन सक्सेना, निवासिनी – 148/62–ए, दुगांवा, राजेन्द्र नगर, थाना नाका, जिला लखनऊ,** मेरा अमीनाबाद पोस्ट आफिस, अमीनाबाद पार्क शाखा लखनऊ में नीतू के नाम से बचत खाता सं0– 10032365832 है । समस्त शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम नीतू निगम दर्ज है। मेरे उपरोक्त खाता संख्या पर मेरा नाम नीतू के स्थान पर नीतू निगम दर्ज किया जाय। यहकि नीतू एवम् नीतू निगम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा नीतू को नीतू निगम से ही जाना व पहचाना जाता है ।


# जल बचाने की कवायद शुरू

संवाददाता, लालगंज

आधुनिक रेलकोच कारखाने में जल को बचाने के उपाय करते अधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेलकोच कारखाने के जीम के द्वारा जल संरक्षण को लेकर विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। वास्तव में जल पृथ्वी पर सभी जीवन के लिए आवश्यक एक बहुमूल्य संसाधन है। रेलकोच के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कहा कि इस मूल्यवान संसाधन के प्रबंधन एवं संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का अभिप्राय जल की हर बूंद से है।

पानी की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, जल शक्ति अभियान के हिस्से के रूप में आरेडिका ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन की रणनीति की योजना बनाई और 2023-24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता विकसित की। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने प्रति वर्ष 30.20 मिलियन लीटर की पुनर्भरण क्षमता वाले पांच वर्षा जल संचयन का निर्माण किया था। जल संरक्षण की लागत को कम करने के लिए मौजूदा तालाब के चारो ओर रिचार्ज बोर की खुदाई के माध्यम से वर्षा जल संचयन की अवधारणा विकसित की गई है, जिसमें कंक्रीट और ईंट के काम को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है।

## योग दिवस पर पुरस्कृत होंगे विजेता

**रायबरेली, अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। डीएम की अध्यक्षता में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा योग सप्ताह के क्रम में मुख्यालय, ब्लॉक, तहसील स्तर पर सामूहिक योग अभ्यास किया गया। खेल सचिव अजय सिंह चंदेल एवं संयोजक डॉ प्रियंका त्रिवेदी के दिशा निर्देशन में राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे कई छात्र- छात्राओं ने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में योग दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# फादर्स डे पर खुशी के पोस्टर्स को सर्वश्रेष्ठ का मिला खिताब

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जवाहर विहार कॉलोनी स्थित दुर्गा इंटरमीडिएट कॉलेज में फादर्स डे की पूर्व संध्या पर स्कूल द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने पिता के लिए ग्रीटिंग व पोस्टर्स बनाए। बच्चों को एक तय समय में पोस्टर्स बनाना था। सभी बच्चों को विद्यालय की शिक्षिका वैशाली तिवारी ने निर्देशित किया। सर्वश्रेष्ठ पोस्टर कक्षा 7 की खुशी शर्मा का चुना गया। इसी प्रकार शिवेंद्र चौधरी के द्वारा बनाया हुआ, पोस्टर जिसमें उन्होंने अपने पिता की फोटो लगाई थी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। अविका सिंह, अनुप्रिया शर्मा और अंजलि तिवारी के पोस्टर्स को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान दिया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 की अवनी सिंह, कक्षा 5 की जानवी, कक्षा 5 के अनुराग शर्मा, कक्षा 9 की महेश्वरी शर्मा, मोनिका, रश्मि यादव, भावेश और सोनम ने फादर्स डे पर बेहतरीन पोस्टर्स बनाएं। बच्चों ने अपने संग आए हुए अपने पिता को पोस्टर्स भेंट किए। विद्यालय के सह संचालक गौरव शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर शैलेंद्र मिश्रा, विजय सिंह, राम सजीवन चौधरी, वैशाली तिवारी आदि मौजूद रहे।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# गंगा तट पर चला भंडारा

भंडारे में लोगों को वस्त्र वितरित करते समाजसेवी दरोगा सिंह। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली,** अमृत विचार। रविवार को गोकर्ण तीर्थ गोकना घाट पर मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति एवं गंगा विचार मंच के तत्वाधान में वंदना स्कूल ड्रेस के सहयोग से मां गंगा दशहरा अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

घाटों व मंदिरों की साफ सफाई की गई। गंगा किनारे लगे वृक्षों को जल दान किया गया। संस्था के सचिव वरिष्ठ पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी ने कहा मां गंगा जी मोक्षदायिनी है, हम सब की प्राण हैं ,करोड़ लोगों की आस्था व जीवन यापन का केंद्र है। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी बंदना स्कूल ड्रेस के प्रबंधक व समाजसेवी जितेंद्र बहादुर सिंह दरोगा ने 151 गरीब असहाय बच्चों को वस्त्र वितरित किया।

# गंगा दशहरा : भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, डलमऊ

गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रायबरेली।** मृत्यु लोक को समस्त पापों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्री राम के वंशज राजा भागीरथ द्वारा कठिन तपस्या करके आज ही के दिन स्वर्ग लोक से मां गंगा को पृथ्वी लोक में लाया गया था। तब से लेकर आज तक इस दिन गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है।

रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर क्षेत्र और जनपद के साथ गैर जनपद से हजारों की संख्या में गंगा भक्त गंगा तट डलमऊ पहुंचकर गंगा मैया के जयकारों के साथ स्थापित डुबकी लगाते हुए गंगा तट के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालियों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया। गंगा तट डलमऊ के किला घाट, सड़क घाट, वीआईपी घाट, संकट मोचन घाट, पक्का घाट, पथवारी घाट, शुकुल घाट, महावीरन घाट आदि के साथ लगभग एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर हजारों की संख्या में भोर काल से ही गंगा भक्तों द्वारा गंगा मैया के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई गई। गंगा तट के किनारे स्थित मंदिर और शिवालियों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया और यथाशक्ति तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी गई। गंगा दशहरा के अवसर पर तीर्थ पुरोहित गंगा सभा पंचामृत गंगा सेवा समूह डलमऊ और राष्ट्रीय मानवाधिकार के पदाधिकारी के संयुक्त आयोजन में विशाल गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा तट डलमऊ के पथवारी घाट स्थित पथवारी देवी मंदिर पर 21 आरती के साथ विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ गंगा आरती और गंगा पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा मां गंगा को 56 भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रकार के धार्मिक गीतों के माध्यम से रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद महाराज, संदीप कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार मिश्रा, भंवर तिवारी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, पुनीत द्विवेदी, राष्ट्रीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और सुशील श्रीवास्तव के साथ सैकड़ो गंगा भक्त मौजूद रहे।

## एक नजर

### 23 वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 56 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। इसके अलावा एक वारंटी व 23 वांछितों को गिरफ्तार किया।

### 28 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा पुलिस ने रविवार को ग्राम खैराबीरू निवासी महेश कुमार रावत को 28 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को फेरस्तीपुर निवासी मोहनेन्द्र ऊर्फ दीपू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया।

### चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर पुलिस ने रविवार को ग्राम रमपुरवा मजरे कुवांडांडा निवासी झबरू को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

### 67 लीटर कच्ची शराब के साथ छह गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 67 लीटर कच्ची शराब के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया। रामनगर पुलिस ने 47 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच तो असन्द्रा पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब व 40 लीटर लहन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

# मस्जिदों व ईदगाहों में अकीदत के साथ आज पढ़ी जाएगी बकरीद की नमाज

## तैयारियां पूरी, सुरक्षा के रहेंगे कड़े बंदोबस्त, बाजारों में खूब हुई सेवईं की बिक्री

दुकान से सेवईं खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

पीरबटावन ईदगाह परिसर में सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा की नमाज सोमवार को ईदगाहों व मस्जिदों में अलग-अलग समय पर अकीदत के साथ अदा की जाएगी। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं साथ ही सभी मस्जिदों व आसपास के मार्गों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है और बिजली व पानी की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल के साथ मस्जिदों के आसपास चूने के छिड़काव कराने को निर्देशित किया गया है।

शहर के मोहल्ला पीरबटावन स्थित बड़ी ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7:30 बजे से अदा की जाएगी। शहर के साथ फतेहपुर, कुर्सी, देवा, बंकी, जहांगीराबाद, मसौली, जैदपुर, सुबेहा, सिद्धौर, कोठी, हैदरगढ़, नईसड़क, दरियाबाद, रामसनेहीघाट, अलियाबाद, रामनगर, टिकैतनगर, सिरौलीगौसपुर, बांसा, सआदतगंज, रामपुर सहित जिले मस्जिदों में साफ-सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह कमेटियों ने रंग-रोगन भी कराया है। ईदगाह के इमाम नमाज के समय का एलान पहले ही कर चुके हैं। फतेहपुर में एसडीएम व ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट जगतसांई व सीओ डॉ.बीनू सिंह ने तैयारियां देखीं। अन्य तहसीलों में भी तैयारियां दुरुस्त कराई गईं। डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश सिंह ने सभी से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की है।

मसौली में नमाज की तैयारी करते लोग।

### बकरीद को लेकर बाजार में रही भीड़

बकरीद को लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहे। त्योहार के लिए लोगों ने सेवईं, मेवे, फल समेत अन्य तमाम खाद्य सामग्री खरीदी। वहीं कुर्ता, पैजामा, सलवार सूट एवं बच्चों के कपड़ों की भी जमकर खरीदारी हुई।

### यहां पढ़ी जाएगी नमाज

ईदगाह शहर पीरबटावन सुबह-7:30 बजे, जामा मस्जिद बेगमगंज-7:00 बजे, कारखाने वाली शाही मस्जिद-6:00 बजे, सुन्नी कर्बला बेगमगंज-6:30 बजे, मस्जिद रेलवे स्टेशन-6:30 बजे, मस्जिद लखपेडाबाग-6:30 बजे, मदीना मस्जिद ताड़वाली-7:00 बजे, कचेहरी मस्जिद-8:00 बजे, मस्जिद पैसार कोठी-8:00 बजे, मस्जिद गुलस्ताने शेर-6:30 बजे, मस्जिद नाका सतरिख- 7:00 बजे, फातिमा मस्जिद असदनगर- 8:00 बजे, घोसियाना मस्जिद-7:00 बजे, मस्जिद लाइनपुरवा- 6:45 बजे, रफीनगर गोसिया मस्जिद- 7:30 बजे, नूरी मस्जिद कटरा-6:30 बजे, मस्जिद बारादरी कटरा- 6:15 बजे, हुसैनी मस्जिद चंदना-6:30 बजे, ईदगाह बड़ेल-7:00 बजे, मदीना मस्जिद बड़ेल-7:30 बजे, ईदगाह बंकी-7:30 बजे, जिला कारागार-7:00 बजे, ईदगाह बनवा-7:00 बजे।

# सगे भाइयों के परिवार भिड़े, वृद्ध की मौत

संवाददाता, रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार :** खेत की मेड़ काटने के विवाद में दो सगे भाइयों के परिवारों में मारपीट हो गयी। घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मामले की जांच की।

रविवार सुबह करीब 8 बजे थाना क्षेत्र के कटियारा से करीब एक किमी दूरी पर स्थित खेत की मेड़ काटने को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों में लाठी-डंडे चले। इसी दौरान खेत में पिपरमेंट सींचने के लिए इस्तेमाल होने वाला अंगुसा पड़ा हुआ था, जिससे एक पक्ष के लोगों ने उसी से हमला कर दिया। हमले में सहजराम (60) व उनके पुत्र 17 वर्षीय हरिओम (17) और लवकुश (32) घायल हो गए। दूसरे परिवार से कीढ़ीलाल (55) व उनके बेटे हरिश्चंद्र (26) और भूपेंद्र (22) हो गए। शोर शराबा सुनकर आसपास के खेतों में कार्य कर रहे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देकर सभी घायलों को एंबुलेंस के द्वारा स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने सहजराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं लवकुश और हरिश्चंद्र की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीओ आलोक पाठक, कोतवाल रत्नेश पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

घटना स्थल पर जांच करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

# जुलाई में महज सात दिन ही है विवाह का मुहूर्त

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** सूर्य के शुक्र राशि में जाने से मई और जून में एक भी शुभ मुहूर्त नहीं रहा। जुलाई में फिर से शहनाई बजेगी, लेकिन इस माह में भी लगन की तिथियां कम हैं। 28 अप्रैल से चतुर्मास के कारण भी मांगलिक उत्सवों पर विराम लगा है। मई व जून में एक भी वैवाहिक लगन नहीं थी। जुलाई में सिर्फ छह लगन हैं। जिन लोगों ने अपने पुत्र-पुत्रियों की शादी जुलाई में तय की है। वह तैयारियों में जुट गए हैं। शादी कराने के लिए पुरोहित, बैंडबाजा और मैरिज हॉल की बुकिंग तेज हो गई है। जुलाई के शुक्ल पक्ष में नौ से 15 जुलाई तक केवल छह लगन हैं। 17 जुलाई को एकादशी से फिर विराम लग जाएगा। जुलाई में लगन कम होने के कारण ज्यादातर तिथियों पर बुकिंग हो गई है।

### 9 से 15 जुलाई तक है लगन

ज्योतिषाचार्य पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि 9 जुलाई को दिन और रात दोनों समय विवाह के मुहूर्त है। 10 को केवल दिन में मुहूर्त व 11 को दिन और रात दोनों समय मुहुर्त हैं। 12 जुलाई को भी दिन और रात दोनों समय लगन है। 13 को केवल दिन में व 14 जुलाई को केवल रात में तथा 15 जुलाई को दिन और रात दोनों समय लगन हैं। उन्होंने बताया कि 9 से 15 जुलाई तक केवल छह लगन हैं। 17 जुलाई को एकादशी के साथ फिर से लगन पर विराम लग जाएगा। जुलाई माह में 9, 11, 12, 13, 14, 15 को ही शुभ मुहूर्त हैं।

# गिरा आम उठाने पर दबंगों ने बालक व उसकी मां को पीटा

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी, अमृत विचार:** लोनीकटरा क्षेत्र के खैरा कनकू गांव में शनिवार की शाम पेड़ के नीचे गिरा आम उठाने पर दबंगों ने एक बालक, उसके भाई व मां की पिटाई कर दी। पुलिस ने किशोर का मेडिकल कराया है। थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार नीरज प्रजापति शाम को जानवर चरा कर अपने छोटे भाई 10 वर्षीय अभिषेक के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में शिवम के पेड़ के नीचे एक आम गिरा था। उसे अभिषेक ने उठा लिया। इस पर शिवम, पवन व विनोद ने उनके भाई की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए नीरज व उनकी मां लीला देवी को भी दबंगों ने पीट दिया।

# गठबंधन की जीत एकजुटता का नतीजा

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले और प्रदेश में इंडिया गठबंधन को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए आप सब ने जो संघर्ष किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम है। ये विचार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन को जनपद में मिली ऐतिहासिक जीत से गदगद अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम गिहार एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप ने सम्मान समारोह मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण का ही नतीजा है कि जिला सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। इस बार जिस प्रकार कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए मेहनत कर प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाई है। इसके पूर्व पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद को फूल माला पहना कर सम्मान करते हुए ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, हिमांशु, नसीम कीर्ति, अजय वर्मा बबलू, आफाक, प्रीतम सिंह वर्मा, सभासद दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, अजय कश्यप, पप्पू नारायण, शिवम, गिहार कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# पंप चुराने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने पंप दिनदहाड़े चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मोटर पंप व तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। बीते 14 जून को ग्राम अंबर सिंह पुरवा मजरे अमराई गांव निवासी आलोक सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि वह खेत की सिंचाई के लिए पंप चलाकर दोपहर करीब 2 बजे घर वापस आ गए थे। कुछ समय बाद जब वह खेत पहुंचे तो उनका पंप गायब था। रविवार को पुलिस ने नरेंद्र चौहान व नान्हू राजपूत निवासी बैरानामऊ मंझारी थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार कर लिया।

# दो सफाईकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो ब्लॉकों के सफाईकर्मियों द्वारा ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। इसमें एडीओ पंचायत की भी भूमिका संदिग्ध मिल रही है। मामला प्रकाश में आने के बाद डीपीआरओ ने जहां एडीओ पंचायत से दो दिन के अंदर जवाब मांगा है। वहीं संबंधित सफाईकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

मामला दरियाबाद और बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र का है। दरियाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत सैदखानपुर अरियामऊ के प्रधान की प्रोफाइल पर सफाईकर्मी कुलदीप के नाम की ई-मेल आईडी पाई गई है। वहीं बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भारेमऊ, भीखरपुर, गंगौली, जरौली, खरिकाफूल, खुसेहटी, किथैया, मझौटी, रतौली, सकतपुर, श्रवनथिकटा, शाहपुर, मुरारपुर, सुलेमपुर, तिवारीपुर व सूरजपुर गग्राम पंचायतों के प्रधानों की प्रोफाइल पर मुकेश यादव के नाम से ई-मेल आईडी पाई गई है। इससे साफ जाहिर है कि इनके द्वारा ग्राम पंचायतों में ई-स्वराज ग्राम पोर्टल के जरिए भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जो नियम विरुद्ध है। जांच के बाद डीपीआरओ नितेश भोंडले ने इस मामले में दोनों एडीओ पंचायतों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है।

## सार-संक्षेप

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** जोगी बीर बाबा के स्थान पर क्षेत्रवासियों के संयोजन में रविवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लोधेश्वर महादेवा के निकट कुम्हरवा गांव में जोगी बीरबाबा का प्रसिद्ध स्थान है। गंगा दशहरा पर्व पर श्रीमद्भागवत की कथा गुड़िया ने शास्त्री सुनायी। रविवार को भण्डारे के साथ परम्परागत कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस मौके पर कमलेश पांडेय, ओम प्रकाश, राम किशोर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बैंक आफ इंडिया ने किया ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन

बैंक आफ इंडिया की टिकैतनगर शाखा में मौजूद बैंक अधिकारी। अमृत विचार

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ अंचल के आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में बैंक की टिकैत नगर शाखा द्वारा ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एनपीए खाताधारक मौजूद थे। जिनका बैंक की एकमुश्त स्कीम के अंतर्गत ऋण का समाधान किया गया। बैंक ऑफ इंडिया टिकैतनगर शाखा के मुख्य प्रबंधक आरिफ हबीब ने लोगों का अभिवादन किया। कैंप में एनपीए 30 खाता धारकों के अकाउंट को एकमुश्त समाधान योजना के तहत बंद किया गया। एकमुश्त समाधान योजना किसानों के लिए आरंभ की गई है। यदि किसान एकमुश्त ऋण का भुगतान करते हैं तो उनको ब्याज दर में 35 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाती है। बैंक ऑफ़ इंडिया टिकैतनगर के सभी अधिकारी गोपाल कृष्णा जायसवाल, पीयूष तिवारी,अभय वर्मा जी के साथ-साथ तुलसीराम यादव अशोक शुक्ला, बैंक आफ इंडिया बरिनबाग के शाखा प्रबंधक अमल पी जोसेफ एवं बैंक ऑफ़ इंडिया हसौर ब्रांच के शाखा प्रबंधक नितिन यादव, आलोक, राजकुमार व नीरज मौजूद थे।

### विधायक ने प्रशिक्षण शिविर का किया उदघाटन

महिला को टूल किट देते विधायक दिनेश सिंह। अमृत विचार

**सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार :** कृषक बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उधावापुर में रविवार को मिशन शक्ति ई-रिक्शा प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम एमएसएमई विभाग एवं यूपीकॉन द्वारा प्रायोजित है। आयोजन श्रीसाइन शेस्टेच प्रालि कर रहा है कार्यक्रम का उदघाटन हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने लाभार्थियों को प्रशिक्षण स्टेशनरी, डिफेंस किट एवं ड्रेस वितरित की। उन्होंने कहा कि पहले मातृ शक्तियां घरों में रहती थीं तो देश की इकोनोमिक दशा खराब थी और अब हमारी विश्व में 5वीं रैंक है। कार्यक्रम में समाजसेवी नागेश पटेल ने ई-रिक्शा प्रशिक्षण संबंधित जानकारी दी। प्रधानाचार्य अशोक विश्वास वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रशिक्षण में हरख और सिद्धौर ब्लॉक की 50-50 महिलाएं प्रतिभाग कर रही हैं। इस मौके पर कृषक विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप वर्मा, प्रशिक्षक राकेश कुमार, रंजीता जायसवाल, दीक्षा त्रिवेदी तथा समाजसेवी पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में चार घायल

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर शनिवार देर रात भूलभुलैया के निकट गैस सिलेंडर से लदा ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गयी। इसी दौरान पीछे से आ रही कार भी ट्रेलर से टकरा गयी। हादसे में चार लोग घायल हो गए थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मसौली पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच गयी थी। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने यातायात सुचारु कराया।

मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर भूलभुलैया गांव के करीब गैस सिलेंडर से भरा ट्रक सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। ओवरटेक कर रही कार ट्रेलर से भिड़ गयी। थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचे और चार घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। मसौली पुलिस ने वाहनों को सड़क के किनारे करवाया।

थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि करीब तीन घण्टे की मशक्कत के बाद हाईवे आवागमन सुचारु रूप से चालू हो सका।

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

# दहेज हत्या में नामजद वृद्धा की सदमे से मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दांदूपुर में दहेज हत्या की आरोपी सास की रविवार को सदमे से मौत हो गई। शुक्रवार को घनश्याम की पत्नी रेनू का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला था। अमेठी के थाना शिवरतनगंज के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर निवासी रेनू के पिता रामकृपाल ने शनिवार को मृतका के पति, सास-ससुर व देवर सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। ग्रामीण बताते हैं कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद रेनू की सास मनोरमा (75) को सदमा लग गया। देर शाम ग्रामीण महिला को सीएचसी ले गए। सुधार होने पर वह घर आ गई। रविवार को फिर हालत बिगड़ गई और सदमे से उसकी मौत हो गयी।

# रोडवेज बसों की होगी लाइव ट्रैकिंग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

अमृत विचारः परिवहन निगम की बसों में अब वीएलटी यानी (विकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस) सिस्टम लगेगा। इसके साथ ही इसके साथ ही सिस्टम को भी अपडेट किया जाएगा। ताकि बसों की लाइव लोकेशन पता चल सकेगी। लोग ट्रेनों की तरह ही बस का लाइव लोकेशन की जानकारी हासिल कर सकेंगे। नई बसों में यह डिवाइस लग कर आ रही है।

बसों की समयसारिणी भी तय होगी। इसके लिए बसों में वीएलटी (विकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस) लगाने की तैयारी चल रही है। इसके जरिये लखनऊ से बसों की मॉनिटरिंग हो सकेगी। बसों का कोई टाइमटेबल नहीं होने से लोग ट्रेन से यात्रा को वरीयता देते हैं। ऐसे में यात्रियों का भरोसा कायम रखने के लिए परिवहन निगम बसों में वीएलटी लगवा रहा है। इसके साथ ही सिस्टम को भी अपडेट किया जाएगा। वीएलटी का क्षेत्रीय, परिक्षेत्र व मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुधा बताती हैं कि नई बसों में तो वीएलटी लगकर आ रही है। पुरानी बसों में भी लगाने के लिए संबंधित को निर्देश दिया गया है।

### 29 रूटों पर दौड़ रहीं 112 अनुबंधित बसें

जिले में एक अंतर जनपदीय समेत दो बस अड्डे हैं। यहां से अलग-अलग 29 रूटों पर 112 अनुबंधित बसों का संचालन कराया जाता है। प्रतिदिन करीब 30 से 40 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे डिपो को प्रतिदिन आठ से दस लाख रुपये का राजस्व मिलता है। शहर के अंदर बने पुराने बस अड्डे से जहां देवा, फतेहपुर व उसके आगे जाने के लिए बसों का संचालन हो रहा है। वहीं अंतरजनपदीय बस अड्डे से लांग रूट की बसों के साथ हैदरगढ़, रामनगर, टिकैतनगर, जैदपुर समेत अन्य क्षेत्रों के लिए बसों का संचालन होता है।

**प्रतियोगिता** इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जहांगीराबाद फोर्ट में प्रीमियर लीग का समापन

# एआरजी ने इनिंग स्टॉर को 6 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** जहांगीराबाद इंस्टीट्यट ऑफ टेक्नोलॉजी फोर्ट के क्रिकेट ग्राउंड में बीती 27 मई से चल रहे प्रीमियर लीग के सेशन- दो क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। इसमें बाराबंकी व आसपास के ज़िले की टीमों ने हिस्सा लिया। रविवार को फाइनल मैच एआरजी टीम और इनिंग स्टार क्रिकेट क्लब टीम के मध्य खेला गया। एआरजी टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल कर मैच का खिताब अपने नाम किया। इनिंग स्टार क्रिकेट क्लब ने 8 ओवर में 159 रन बनाए। जवाब में 16.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर एआरजी टीम ने जीत दर्ज की।

विजयी टीम को एक लाख रुपये व उपविजेता टीम को 51 हज़ार रुपये की नकद धनराशि पुरस्कार के रूप में दी गई। विजयी टीम एआरज़ी से नज़रुल हसन को मैन ऑफ़ दी सीरीज, आकिब सबूर को प्लेयर ऑफ़ दी मैच, आकाश मिश्रा को बेस्ट बॉलर तथा बाराबंकी कोर्ट डोमिनेटर टीम के आकाश मिश्रा को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसार बारी किदवई ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई दी। खेल से हमें आपसी सामंजस्य बनाने की सीख मिलती है। संस्थान के डायरेक्टर संदीप सिंह मेजर जनरल (रिटायर्ड) ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती विकसित करने के अलावा कई तरह से लाभ होते हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, मनीष सिंह, संस्थान के प्रॉक्टर डॉ. कलीम, अब्दुल नावेद,इमरान अंसारी, समीर खान, सोनू यादव, शक़लैन, फैज़ान आदि मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम व आयोजक। अमृत विचार

# कलयुग में ईश्वर के नाम जप की विशेष महिमा

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरायनेता मऊ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा व्यास सुरेश चंद्र मिश्रा ने भागवत महापुराण के समापन दिवस पर कहा कि भक्त तीन प्रकार के होते है ज्ञान कही से भी मिलता हो ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं भगवान का अंश आत्मा हूं। पहले भी बहुत शरीर धारण किए, अब इस शरीर में बचपन, युवा वृद्धावस्था देख चुका, जब तक मोक्ष प्राप्त नहीं होगा, फिर से मनुष्य शरीर धारण करूंगा कलयुग में ईश्वर के नाम जप की विशेष महिमा है। इस मौके पर हनुमानगढ़ी के महंत बाबा बलराम दास, युगल किशोर शुक्ल, राजकुमार पाण्डेय, सुदामा पाण्डेय, हरीश बिहारी द्विवेदी, लीलाधर मिश्र, लालजी पांडे, विनोद जायसवाल, पुरुषोत्तम तिवारी, विनोद शर्मा आदि थे।

कथा सुनाते कथावाचक।

## एक नजर

### शीशम का पेड़ काटने के आरोप में युवक पर केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर राणी सती धर्म कांटा के सामने भिटरिया निवासी सौरभ अग्रवाल ने बिना परमिट रविवार को हरा शीशम का पेड़ काट दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दज्र किया है।

### ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत रुपईडीह के कंपोजिट विद्यालय से आर्य नगर पृथ्वीनाथ सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने खंड विकास अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण न होने से स्कूलो के बच्चों व अभिभावकों को विद्यालय तक पहुंचाने के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### किसानों के खातों का किया गया नवीनीकरण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर नौ किसानों के खातों का नवीनीकरण कर दस लाख रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया की उक्त योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच शाखा के सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन सभी किसानो के भी खातों का नवीनीकरण कर ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

### जन आरोग्य मेले में आए 22 मरीज, किया उपचार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस मेले में विभिन्न गांवों को मिलाकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वीर बहादुर सिंह द्वारा 22 मरीजों का उपचार किया गया।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाएं

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय विधायक से मांग किया है।विद्युत उप केन्द्र खरगूपुर के ग्राम पंचायत देवरिया खाम के प्रधान व रूपईडीह प्रधान संघ अध्यक्ष अमित अवस्थी ने क्षेत्रीय विधायक को पत्र देकर मांग किया है कि ग्राम पंचायत में ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण आए दिन लो वोल्टेज की स्थिति बनी रहती है। विद्युत यंत्रों को चलाने में कठिनाइयां हो रही है। ग्राम पंचायत में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।

# नहर सूखी, बोरिंग फेल, 25 प्रतिशत कम निकल रहा मेंथा में तेल

**समस्या**

▸▸ **समय से पहले किसान कर रहे मेंथा की पेराई, नहीं निकल रही लागत**

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

सूखी पड़ी नहर और खेत में लगी सिंचाई के अभाव में सूखती मेंथा की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते जहां जनजीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वहीं नहरों में पानी न आने से मेंथा किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। किसानों की मानें तो भीषण गर्मी के चलते बोरिंग ने पानी देना बंद कर दिया है और नहरों में पानी न आने से मेंथा की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिससे लोग मेंथा की फसल तैयार होने से पहले ही काट कर उसकी पेराई करने को मजबूर हैं।

देवा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसान मेंथा की खेती करते हैं। नकदी फसल के रूप में जानी जाने वाली मेंथा की फसल को किसानों के लिए हरा सोना कहा जाता है। बीते एक माह से नहरों में पानी न आने से नहर के पानी से सिंचाई पर आश्रित मेंथा किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है हालांकि सिंचाई विभाग सोमवार तक नहरों में पानी आने की बात कह रहा है। भीषण गर्मी के चलते पंपिग सेट भी पानी देने से गुरेज करने लगे हैं। कई जगहों पर तो बोरिंग से पानी निकलना भी बंद हो गया है जिससे किसानों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। किसानों की मानें तो भीषण गर्मी के चलते इस बार सप्ताह में दो बार मेंथा की सिंचाई करनी पड़ रही है और पंपिंग सेट से सिंचाई करने पर काफी ज्यादा लागत आ रही है। इसके चलते किसान समय से पहले मेंथा की कटाई कर उसकी पेराई करने को मजबूर हैं। कई किसान तो मेंथा की पेराई भी कर चुके हैं जिसमे करीब 25 फीसदी तेल का नुकसान हुआ है। सिंचाई विभाग के जेई बद्री विशाल कहते हैं कि बीते 15 मई से रूटीन के मुताबिक नहरों में पानी बंद हुआ था। जल्द ही नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। सोमवार तक नहरों में पानी आ जाने की पूरी उम्मीद है।

## बोले किसान, नहीं निकल रही लागत

एक एकड़ में मेंथा की रोपाई की थी। नहर के किनारे खेत होने के बावजूद निजी संसाधन से सिंचाई करनी पड़ रही है। एक बार की सिंचाई में करीब 2000 रुपये का खर्च आता है।

– **शिवमंगल सिंह**, सलारपुर।

इस बार पांच बीघा मेंथा लगाई है जो सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर है। इसके चलते मेंथा की फसल में इस बार नुकसान ही होगा। बारिश हो नही रही है और नहर में पानी नहीं है।

– **देशराज सिंह**, नई बस्ती, सालेहनगर।

एक हेक्टेयर में मेंथा की फसल लगाई थी। जब मेंथा को सिंचाई की जरूरत थी तो नहर में पानी आना बंद हो गया। अब निजी साधन का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में लागत भी नहीं निकल रही है।

– **शैलेश रावत**, ढिंढोरा।

तीन बीघा मेंथा लगाई थी। एक महीने से नहर सूखी पड़ी है। बोरिंग भी पानी नहीं दे रहा है। इसलिए समय से पहले ही मेंथा की पेराई कर ली है। करीब 25 प्रतिशत तेल कम निकला है।

– **नन्हेलाल रावत**, पासिनपुरवा देवा।

# 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान उमसभरी गर्मी से परेशान रहे लोग

## लोगों को न घर में राहत न बाहर, अघोषित बिजली कटौती बनी मुसीबत

**गर्मी के तेवर**

▸▸ **दिन चढ़ते ही आसमान से बरसने लगती है आग, दोपहर में सड़कों पर रहता है सन्नाटा**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

गर्मी के चलते सूनी पड़ी सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। गर्मी के तेवर में कोई कमी नहीं आने से लोग बेहाल हैं। आसमान से मानों आग बरस रही हो। उमसभरी गर्मी से परेशान लोगों को अघोषित बिजली कटौती ने भी परेशान किया गर्मी के कारण कि अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं बिजली कटौती ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 45 व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शहर से लेकर देहात तक दिन में 11 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। तेज धूप और लू से बचने के लिए लोगों ने घरों में कैद रहना ही मुनासिब समझा। सोमवार को बकरीद का त्योहार है। इसके बावजूद बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। शाम सात बजे के बाद बाजारों में चहल-पहल दिखी। वहीं बिजली कटौती ने भी लोगों को खूब रुलाया कहीं जंफर उड़ने तो कहीं तार टूटने से बिजली गुल रही। ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। लगातार बिजली की बढ़ती हुई मांग की वजह से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में अघोषित बिजली कटौती लोगों की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। जिले की कुछ तहसीलों में फीडर के तार इतनी जर्जर है कि आए दिन कहीं ना कहीं फाल्ट बना ही रहता है।

**बीते 7 दिनों का तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 10 जून | 43 डिग्री | 30 डिग्री |
| 11 जून | 44 डिग्री | 29 डिग्री |
| 12 जून | 45 डिग्री | 32 डिग्री |
| 13 जून | 45 डिग्री | 30 डिग्री |
| 14 जून | 45 डिग्री | 30 डिग्री |
| 15 जून | 44 डिग्री | 31 डिग्री |
| 16 जून | 45 डिग्री | 31 डिग्री |

धूप से बचने का प्रयास करते स्कूटी सवार लोग। अमृत विचार

### भीषण गर्मी के चलते बढ़ रहे उल्टी दस्त के मरीज

भीषण गर्मी की वजह से उल्टी-दस्त के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। सरकारी अस्पताल हो या प्राइवेट नर्सिंग होम सभी जगह मरीजों की भीड़ लगी हुई है। जिला पुरुष अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. राजेश कुशवाहा का कहना है कि गर्मी की वजह से बुखार पीड़ितों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोशिश करें धूप में घर से बाहर न निकलें। ज्यादा से ज्यादा फलों व जूस का सेवन करें। बाहर की चीजों को खाने से बचें। अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। डॉक्टर कुशवाहा का कहना है इसके बावजूद भी अगर कोई समस्या होती है तो चिकित्सक से परामर्श जरूर लें।

### गिरे आम को उठाने पर दबंगों ने बालक को पीटा

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी, अमृत विचार:** लोनीकटरा क्षेत्र के खैरा कनकू गांव में शनिवार की शाम पेड़ के नीचे गिरा आम उठाने पर दबंगों ने एक बालक, उसके भाई व मां की पिटाई कर दी। पुलिस ने किशोर का मेडिकल कराया है। थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार नीरज प्रजापति शाम को जानवर चरा कर अपने छोटे भाई 10 वर्षीय अभिषेक के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में शिवम के पेड़ के नीचे एक आम गिरा था। उसे अभिषेक ने उठा लिया। इस पर शिवम, पवन व विनोद ने उनके भाई की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए नीरज व उनकी मां लीला देवी को भी दबंगों ने पीट दिया।

### गलती का प्रायश्चित करना अनिवार्य

**परसपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत स्थित श्री अद्वैत स्वरूप सन्यास आश्रम में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा एवं साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास मुक्ताई महराज चालक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा वाचक मुक्ताई महाराज चालक ने कथा के दूसरे दिन परीक्षित जन्म,सुखदेव आगमन व कलयुग प्रवेश की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रोता भक्त गण मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर साध्वी शशी बहन, साध्वी रजनी, उपासना, केदारनाथ मिश्रा, पंकज मिश्रा, शांती, शारदा, रामू बाबा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मुंशी रघुनंदन प्रसाद कालेज में मना संस्थापना दिवस

संस्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुंशी रघुनंदन प्रसाद महाविद्यालय अपनी स्थापना के समय से ही नारी समाज को दिशा-निर्देशन प्रदान करता आया है। इसके लिए इसके संस्थापक स्व. मुंशी रघुनंदन प्रसाद का योगदान महत्वपूर्ण है। यहां की शिक्षा पद्धति भी अत्यन्त अनुशासित है। ये बातें स्व. मुंशी रघुनंदन प्रसाद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संस्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने कहीं। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एसके वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक मुंशीजी के प्राण महाविद्यालय में ही बसते थे। प्रबंधकारिणी समिति के सचिव उमाशंकर वर्मा 'मुन्नू भैय्या' ने छात्राओं के नृत्य की प्रशंसा की। सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय मुंशीजी के नारी सशक्तिकरण के चिन्तन का सुपरिणाम है। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष संग्राम सिंह वर्मा के अस्वस्थ होने के कारण प्रतिनिधि के रूप में आए दिनेश वैश्य ने पूर्व मंत्री के विचारों का संदेश देते हुए कहा कि वे इस महाविद्यालय के उत्थान के प्रति निरन्तर सजग रहते हैं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ऊषा चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया।।

### पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ करते गायत्री परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 24 घंटे लगातार गायत्री महामंत्र का अखंड जप भी संपन्न हुआ। गायत्री परिजन राजेंद्र प्रसाद पांडे की मौजूदगी में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का संचालन शक्तिपीठ के ट्रस्टी रामबाबू मिश्र एवं बृजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों ने आहुतियां समर्पित कर जन कल्याण के लिए ईश्वर से कामना की। इस मौके पर गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बारे में परिजनों को जानकारी दी गयी। साथ ही गायत्री महाशक्ति एवं गंगा की उत्पत्ति पर भी चर्चा की गई। अखंड जप संपन्न करने में राणा वीर सिंह ,प्रदीप दिवेदी, राम किशुन, ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य परिजनों का योगदान रहा।

### दो घरों से लाखों की नकदी व जेवर चोरी

**मनकापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के दो गांवों में चोरों ने दो घरों में लाखों रुपये नकद व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। ग्राम बेहलनियां दर्जीजोत गांव के सतीश मिश्रा ने तहरीर में कहा कि चोरों ने जेवरात व नकद आलमारी में रखा 12 लाख रुपया पार कर दिया। दूसरी घटना में ग्राम पठीठ के मजरा मझेरिया में चोरों ने माल समेट लिया। घर मालिक प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार उनके माता पिता घर के आंगन के बगल में सो रहे थे कि करीब रात 01-30 बजे अचानक माता जी की नीद खुली तो देखा कि कमरे में लाइट जल रही है और दरवाजा खुला है। कमरे में किसी के होने की आहट हुयी जिस पर माता जी पिता को जगाने के लिए दौड़ीं तो घर में मौजूद लोग छत के रास्ते भाग गये। घर मे देखने पर पता चला लॉकर में रखे जेवरात व चार हजार रुपये नगद चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# फोर्स के साथ एसपी ने की पैदल गश्त

▸▸ **निर्धारित स्थानों पर ही नमाज पढ़ने व सौहार्द से त्योहार मनाने की एसपी ने की अपील**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

फोर्स के साथ पैदल गश्त करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जिले व वासियों से बकरीद त्योहार में आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाये रखने में प्रशासन की मदद करने की अपील की। एसपी के निर्देश पर जिले के प्रमुख चौराहों व संवेदनशील इलाकों में पुलिस के जवानों ने गश्त कर कानून व्यवस्था का अहसास कराया। एसपी दिनेश कुमार सिंह एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया व शहर कोतवाल ने शहर कोतवाली क्षेत्र में गश्त कर ईदगाह, बकरा मंडी स्थल का जायजा लिया। एसपी ने दुकानदारों से सड़कों पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। इसके साथ ही एसपी ने तय जगहों पर ही नमाज पढ़ने की अपील की।

# दबंगों ने भाजपा कार्यकर्ता को पीटा

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समुदाय विशेष के लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई कर दी गई। गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया है। कार्यकर्ता की पिटाई की खबर सुनकर बड़ी संख्या में भाजपाई थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। कोतवाली दरियाबाद के मियागंज ग्राम पंचायत के प्रधान वफा मोहम्मद ने पुलिस को सूचना दी कि गांव का चंदन वर्मा चोरी की नियत से छत पर चढ़ा है। पुलिस पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला, पुलिस चंदन के घर पहुंची तो वह वहां भी नहीं था, लेकिन गांव में तनाव की स्थिति देखकर रात में ही पुलिस तैनात कर दी गई।

शनिवार की सुबह गांव के भाजपा कार्यकर्ता राहुल प्रधान से इस प्रकरण में सुलह समझौता के लिए बात करने पहुंचे, तभी प्रधान के साथियों ने राहुल की पिटाई शुरू कर दी। राहुल का आरोप है कि लोकसभा चुनाव की रंजिश के कारण दूसरे समुदाय के लोगों ने पिटाई की है। सूचना पर थानाध्यक्ष शैलेंद्र आजाद फोर्स के साथ मियागंज पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद राहुल की तहरीर पर छह नामजद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस प्रकरण में प्रधान वफा मोहम्मद, मोहम्मद आलम, जियाउल हक, शेर मोहम्मद, ताज मोहम्मद, अब्दुल कलाम, अहमद जमा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा अज्ञात लोगों की तलाश कर रही है। स्थिति को देखते हुए पुलिस गांव में तैनात है। आक्रोशित भाजपाई कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे। शनिवार की रात गांव में पुलिस तैनात रही। एएसपी दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि राहुल वर्मा को कुछ लोगों ने पीटा था। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस तैनात की गयी है।

**दावा** फैजाबाद के सांसद ने सफदरगंज में पत्रकारों से की वार्ता

# ज्यादा समय की मेहमान नहीं एनडीए सरकार : अवधेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दमन की राजनीति करने वाली एनडीए सरकार ज्यादा समय की मेहमान नहीं है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार ने अयोध्या की गरीब जनता की दुकानों व मकानों पर बुलडोजर चलवाया जिनसे उनकी रोजी-रोटी चलती थी। मुआवजे के नाम पर उन्हें ठगा गया।

ये बातें फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने सफदरगंज में सपा नेता ज्ञान सिंह के आवास पर पत्रकारों से कहीं। उन्होंने अयोध्या में सपा की जीत को जहां भाजपा विचारधारा और मानसिकता की हार बताया वहीं इस जीत को जनता की जीत करार दिया। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकारी नौकरियों के पक्ष में है। वह किसानों, नौजवानों व संविधान को बचाने की वकालत करती है। अवधेश प्रसाद ने अपनी जान के खतरे के सवाल पर कहा कि 5 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने हमें सदन का रास्ता दिखाया है। हम जनता के बीच में रहते हैं। हमें किसी तरीके का खतरा नहीं है।

सम्मान समारोह में मौजूद फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

### दरियाबाद में कार्यकर्ताओं ने सांसद अवधेश प्रसाद का किया स्वागत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद का दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विजय यादव व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान अवधेश प्रसाद ने कहा कि आप लोगों ने मुझे विजयी बनाकर पूरे विश्व में नाम किया है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सम्मान और गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर राजा रितेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू, पूर्व प्रमुख दिनेश कुमार सिंह, डीडीसी चक्कन यादव, भस्मा मिश्रा और मनोज कुमार यादव आदि मौजूद थे।

### चलती ट्रेन से नहर में गिरा युवक, तलाश जारी

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहन के साथ ट्रेन से दवा लेने जा रहा बोगी के गेट पर बैठा युवक शारदा सहायक नहर में जा गिरा। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की लेकिन सफलता नहीं मिली। सीतापुर के थाना महमूदाबाद अंतर्गत सरावगीटोला निवासी सुनील (30) पुत्र फूलचंद्र यादव रविवार की सुबह अपनी बहन उर्मिला यादव (22) के साथ ट्रेन से सुबह रामनगर बुढ़वल दवा लेने जा रहा था। वह बोगी के गेट के किनारे बैठा था। शारदा सहायक नहर के ऊपर ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान झटका लगने से सुनील भगौली तीर्थ के पास निकली शारदा सहायक नहर में गिरकर डूब गया। बहन की सूचना पर पहुंची बड्डूपुर पुलिस ने ग्रामीण गोताखोरों की मदद से सुनील की तलाश शुरू की। लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका। परिजनों ने बताया कि सुनील की तीन माह पूर्व ही शादी हुई थी और अभी तक उसका गौना भी नहीं हुआ था।अचानक हुए हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।भगौली इंचार्ज राहुल शर्मा ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है।


## कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी

पत्रांक– 354 / अल्पकालीन निविदा / 2024–25, दिनाँक– 14 जून, 2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 में संचालित विभिन्न योजनाओं, अधीनस्थ औद्यानिक प्रक्षेत्रों, पौधशालाओं एवं उद्यानों पर प्रयुक्त होने वाली आवश्यक सामाग्रियों के क्रय/आपूर्ति एवं समसामयिक औद्यानिक कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा नोटिस संख्या–329 /निविदा/2024–25 /दिनांक – 06.06.2024 के क्रम में दिनांक–24.06.2024 को 02: 00 बजे तक मोहरबन्द निविदाएं (तकनीकी एवं वित्तीय ) अधोहतस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 03: 00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा को पृथक–पृथक लिफाफे में बन्द करना होगा। प्रथमत: तकनीकी निविदा खोली जायेगी, जिसके उपयुक्त पाये जाने पर ही उसकी वित्तीय निविदा खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र दिनांक 19.06.2024 से 24.06.2024 को दोपहर 12: 00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित नगद मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(महेश कुमार श्रीवास्तव )**
जिला उद्यान अधिकारी,
बाराबंकी।

**आज का मौसम**

अभी लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

43.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### आरोग्य मेले में सबसे अधिक पेट के मरीज

**अयोध्या। अमृत विचार :** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार को जनपद की सभी पीएचसी पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। मेले में पुरुष मरीज 561, महिला मरीज 500 व 289 बच्चों ने अपना इलाज कराया। इस दौरान सबसे अधिक मरीज पेट के ही मिले।

### कैथी मांझा के भूमि विवाद में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के कैथी मांझा में बुधवार को दो पक्षों में हुए भूमि विवाद में मारपीट में पुलिस ने तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। कैथी माझा गांव में नदी की दिशा बदलने के बाद लगभग दो सौ बीघा खेती योग्य भूमि ऊपर आ गई है। इसी जमीन पर कब्जा करने में गांव के दो पक्षों के कई दर्जन लोग लाठी, फरसा, भाला, अवैध शस्त्र के साथ बुधवार को आमने सामने आ गए थे, जिसमे 14 लोग घायल हुए थे। दोनों पक्षों के शस्त्र प्रदर्शन का वीडियो वायरल होने पर पुलिस की किरकिरी हुई थी। पुलिस को अवैध शस्त्र का प्रदर्शन करने वालो को पकड़ने का चैलेंज बना हुआ था। पुलिस की कई टीम इसमें लगी थी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी अवैध शस्त्र प्रदर्शन करने वाले रमाशंकर, रामशंकर, रामसागर निवासी ग्राम कैथी माझा को बालू घाट से गिरफ्तार किया। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के प्रयास में वांछित तीनों लोगों के पास से दो तमंचा, बंदूक व कारतूस बरामद किया गया है।

# काम न आई कूलर की हवा, 46 दिन में फुंके 80 से अधिक ट्रांसफार्मर

## ओवरहीट रहा प्रमुख कारण, सर्वाधिक शहरी क्षेत्र में जले, ग्रामीण क्षेत्रों में कम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस बार भीषण गर्मी का ताप पावर कार्पोरेशन के लिए संकट बन गया है। लगातार 46 दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी की चपेट में आकर अब तक 80 से अधिक ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इतना ही नहीं सामान्य मौसम में खर्च होने वाली सात लाख यूनिट बिजली अब 12 लाख के पार पहुंच गई है। तपिश का वार इतना तीखा है कि ऑयल सर्किल ब्रेकर (ओसीबी) ट्रिपिंग भी कई गुना बढ़ चुकी है। अभी पखवारे भर तक कहीं से बिजली आपूर्ति में राहत नहीं मिलने वाली है। बताया जाता है कि यही हाल रहा तो अगले वर्ष पावर कार्पोरेशन को और बड़े संकट का सामना करना पड़ेगा।

बिजली कटौती, ट्रिपिंग और 33 केवीए लाइन में फाल्ट समेत ट्रांसफार्मर फुंकने का सिलसिला नहीं थम रहा है। रविवार को सुबह अयोध्या रानीबाजार में ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया तो इससे पहले धारा रोड पर तीन ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। देवकाली क्षेत्र में शक्तिनगर में तो अब तक आठ ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इतना ही नहीं चौक क्षेत्र में दो बार तो अंगूरीबाग में आठ बार ट्रांसफार्मर जला है। इसके अलावा लालबाग, नियावां और अमानीगंज विद्युत उप केन्द्रों के 25 से अधिक ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इसके अलावा शहर के 34 में से 22 उप केन्द्रों पर दो से तीन बार ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं हो चुकी है। एक अनुमान के अनुसार इसके चलते पावर कार्पोरेशन को 70 से 80 लाख का नुकसान झेलना पड़ा है। अधिकतर ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और आयलिंग में ही 16 से 18 लाख की धनराशि खर्च हो गई है। इसके अलावा लाइन लास की क्षति अलग झेलनी पड़ रही है। पावर कार्पोरेशन के अनुसार यदि गर्मी का प्रचंड वेग कम नहीं होता है तो आने वाले दिनों में और भी अधिक संकट झेलना पड़ेगा। खास कर विद्युत वितरण खंड प्रथम में सर्वाधिक ट्रांसफार्मर जले हैं जबकि द्वितीय और तृतीय में कम। ग्रामीण क्षेत्रों में भी संकट कम नहीं है। रुदौली, सोहावल, मसौधा, मिल्कीपुर और मवई आदि इलाकों में भी 35 से अधिक ट्रांसफार्मर अब तक फुंक चुके हैं। वह भी तब जब बीते 15 दिनों से हीट हो रहे ट्रांसफार्मरों पर कूलर लगाए गए हैं। इसके बाद भी इनकी क्षति नहीं रुक रही है।

सिविल लाइन्स में ट्रांसफार्मर पर नहीं लगाया गया है कूलर।

सिविल लाइन्स का विद्युत उप केन्द्र में फीडर भी हुए प्रभावित।

### कौशलपुरी में भी छटपटाए लोग

कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र से शनिवार की रात कौशलपुरी फेज-1, विष्णुपुरी, बैंक कॉलोनी और घोसियाना में लंबी कटौती हो गई। देर रात तक लोग बिजली आने के इंतजार में सड़कों पर घूमते रहे। रात 11 बजे कटी लाइट सुबह सवा तीन बजे बहाल हुई। रात में उपकेंद्र पहुंचे लोगों को बताया गया कि मलिकपुर से 33 केवी लाइन ब्रेक होने के कारण आपूर्ति बंद हो गई थी।

"बिजली आपूर्ति के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। गर्मी एक आपदा के रूप में इस बार पड़ रही। जहां भी ट्रांसफार्मर जलते हैं तत्काल बदले जा रहे हैं। सुचारू आपूर्ति के लिए अभी इंतजार करना होगा और लोगों को भी सहयोग करना होगा कि कम से कम बिजली का उपयोग करें।
**- प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, प्रथम**"

### गर्मी से बेहाल लोगों को रुला रही है बिजली

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बेहाल लोगों को बिजली भी खूब रुला रही है। रात में अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हो रहे हैं। इससे लोगों की नींद टूट गई। विद्युत उपकेंद्र चौक से संचालित राठहवेली फीडर, अंगूरीबाग फीडर की बिजली रात में दो बजे और फिर तीन बजे बिजली कट गई। इससे लोग पसीने से तर-बतर हो गए। आधे घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई, उसके बाद लोग राहत की सांस लिए। सुबह भी कटौती का सिलसिला जारी रहा। दिन में भी बिजली कई बार कटी, इससे लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड हो चुके हैं। ऐसे में लोड पड़ते ही ट्रांसफॉर्मर के फ्यूज उड़ जा रहे। बार-बार लाइन ब्रेक हो जा रही। गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ी है। लाइन फाल्ट होने पर ब्रेकडाउन लेकर उसे ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कराई जा रही है। ग्रामीण इलाकों में भी शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है। रात और दिन में भी कटौती जोरों पर है। बिजली पर्याप्त नहीं मिलने से किसानों को भी परेशानी हो रही है। सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं बिजली की आवाजाही से लोगों के दिन का चैन और सुकून छिन गया है। रातों की नींद भी खराब हो गई है।

## राम की पैड़ी में सिल्ट साफ करने को रोका गया पानी

**अयोध्या कार्यालय।** गर्मी में पिकनिक स्पॉट के रूप में आकर्षण का केंद्र रही राम की पैड़ी इन दोनों जल विहीन हो गई है। बताया जा रहा है कि राम की पैड़ी के सतह पर अधिक सिल्ट जमा हो जाने के कारण सफाई के लिए पानी को बंद किया गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मानें तो वर्ष में दो से तीन बार राम की पैड़ी की सफाई का कार्य किया जाता है। पुजारी योगेश पांडे के मुताबिक सरयू जयंती समारोह के आयोजन होने हैं। इसको लेकर आसपास की क्षेत्र में सफाई का कार्य भी किया जा रहा है।

## शराब पीने से मना किया तो भाई को उतारा मौत के घाट

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** थाना पटरंगा के ग्राम जुनेदपुर में शराब पीने से मना करने पर सगे भाई ने भाई की ही हत्या कर दी है। छोटा भाई बड़े भाई को शराब पीने से मना करता था। इस बात को लेकर दोनों भाइयों में नोंक झोंक हुआ करती थी।

रविवार की दोपहर लगभग तीन बजे ग्राम जुनेदपुर निवासी रामरूप रावत 30 वर्ष पुत्र हरिप्रसाद रावत घर के सामने लगे पेड़ के नीचे सो रहे थे। तभी बड़ा भाई मुरारी रावत कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा। सोते समय बड़े ने छोटे भाई के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में गांव के लोगों ने रामरूप रावत को सीएचसी पटरंगा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि तहरीर न मिलने के कारण अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। आरोपी की तलाश जारी है।

# कृषि विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर की पत्नी का शव फंदे से लटका मिला

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मामला शनिवार रात 10 बजे का है। पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चले गये। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

नेहा कुमारी (फाइल फोटो)

अनूप कुमार सिंह निवासी नेहरू नगर, चंदौली की डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज आफ वेटरनरी में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हुई थी। वर्ष 2022 में उनका विवाह नेहा कुमारी पुत्री संजय सिंह निवासी यारपुरा थाना गार्डनीबाग जनपद पटना बिहार के साथ हुआ था। उनके 9 माह का एक बेटा भी है। वह कृषि विश्वविद्यालय के आवास संख्या बी- 87 में परिवार के साथ रहते थे। शनिवार की रात उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी पाई गईं। बताया जाता है कि थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कहते हुए हालत नाजुक बताई। इतने में कार में सवार तीन लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहते हुए लेकर चले गए थे।

### शराब के नशे में महिला को कार से लेकर पहुंचे थे अस्पताल

रविवार को क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह की मौजूदगी में असिस्टेंट प्रोफेसर के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की। उधर, अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि जिस कार से महिला को लेकर आए थे उसमें सवार तीनों लोग शराब के नशे में धुत थे। उनसे बार-बार कहा गया कि महिला को कार से उतार कर इमरजेंसी कक्ष में ले आइए, लेकिन उन लोगों ने एक भी नहीं सुनी। फिलहाल मामले में अभी कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। अलबत्ता पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

# तीन दशक के बाद हटाए गए यातायात प्रतिबंध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब धीरे-धीरे अयोध्या में प्रतिबंधों का साया भी घटने लगा है। टेढ़ी बाजार चौराहे से अशर्फी भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगे बैरियर को हटा दिया गया। इसके साथ ही रामघाट चौराहे के बैरियर से भी वाहनों के आवागमन को बहाल कर दिया है। तीन दशक के बाद यातायात प्रतिबंधों को हटाया गया है।

अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा विध्वंस के बाद 1993 में अयोध्या एक्ट के तहत बंदिशें लगा दी गई थीं। तिरपाल में विराजमान रामलला पर 5 जुलाई 2005 में हुए आतंकी घटना के बाद राम जन्मभूमि परिसर की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। तीन दशक से अयोध्या प्रतिबंधों का दंश झेल रही थी। शनिवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बैरियरों को हटाए जाने के बाद क्षेत्र वासियों को सबसे बड़ी राहत मिली है। बताते चलें कि 20 वर्षों से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपने वाहनों को लाने के लिए विशेष पास होना अनिवार्य किया गया था। इसके साथ ही किसी अन्य स्थिति में वाहनों को लाने के लिए अधिकारियों के द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद ही प्रवेश मिल रहा था, लेकिन अभी उलवल बैरियर से राम जन्मभूमि की ओर वाहनों के प्रवेश को अभी भी प्रतिबंधित रखा गया है। अयोध्या नगर पुलिस अधीक्षक मधुबन सिंह की मानें तो लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए प्रतिबंधों में कुछ छूट दी गई है, लेकिन किसी विशेष परिस्थिति में इन क्षेत्रों में लगे पुलिसकर्मी वाहनों को चेकिंग कर सकते हैं।

टेढ़ी बाजार चौराहे पर हटाए गए बैरियर के बाद तैनात सुरक्षाकर्मी।

**▸▸ टेढ़ी बाजार चौराहे से अशर्फी भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगे बैरियर को हटाया गया**

# तेज रफ्तार कार ने अधेड़ महिला को कुचला, मौत

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर पिपरी गांव के निकट टोल प्लाजा के पास रविवार की शाम तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से अधेड़ महिला कुचल गई। एंबुलेंस से सीएचसी बीकापुर भिजवाया गया।ण्जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया की हाईवे पर पिपरी गांव के निकट टोल प्लाजा के पास रविवार सायंकाल तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से तारुन थाना क्षेत्र के ऐमी आलापुर मजरे तारापुर की किना देवी (45) पत्नी श्रीराम पिपरी गांव में रिश्तेदारी में आई हुई थी। बाजार जाने के लिए वह जैसे ही घर से निकलकर पिपरी गांव के निकट हाईवे पार करते समय अयोध्या शहर से सुल्तानपुर की दिशा में जा रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई। कार चालक वाहन समेत भाग निकला। घटना के बाबत अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

देवगढ़ के पास सूखी शारदा सहायक नहर में गिरी कार।

### पुलिया से सूखी नहर में गिरी कार, चार घायल

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महराजगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पूराबाजार अंतर्गत ग्राम दुगवा, देवगढ़ के सामने शारदा सहायक नहर पर बनी पुलिया से टकराकर मऊ से अयोध्या दर्शन करने जा रहे कार सवार श्रद्धालु सूखी नहर में जा गिरी। कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आई है। पुलिस ने सभी चोटहिलों को इलाज के लिए सीएचसी पूराबाजार भेजवाया। थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि हादसा रविवार सुबह करीब 6:00 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों में रजत कुमार पुत्र हीरालाल, हीरालाल पुत्र कपिल देव, लल्लन गुप्ता पुत्र बालेश्वर प्रसाद गुप्ता, बबीता देवी पत्नी हीरालाल, रीता गुप्ता पत्नी जितेंद्र को इलाज के लिए सीएचसी पूरा बाजार पहुंचाया। घायल परिवार ग्राम रतनपुरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ के निवासी है। सीएचसी पूरा बाजार के चिकित्सक डॉ नीरज सिंह ने बताया कि घायलों को सिर में चोटें आई थी। इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद रजत कुमार हीरालाल, लल्लन गुप्ता बबीता देवी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया तथा रीता गुप्ता को मामूली चोट लगी थी उन्हें इलाज के बाद घर जाने दिया गया।

### विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक में उठे कई मुद्दे

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ जनपद अयोध्या इकाई की एक बैठक बाबा भगन राय विद्यालय रामपुर भगन में हुई। अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश तिवारी में व संचालन जिला प्रवक्ता विनय सिंह ने किया। बैठक में विद्यालयों के संचालन में आ रही समस्याओं व शासन संबंधी समस्यों पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि अधिकारियों से मिलकर के समाधान हेतु बात की जाएगी। यदि संगठन की मांगों पर अमल नहीं हुआ तो संघ धरना प्रदर्शन के लिए कार्यक्रम होगा। साथ ही योग दिवस पर सभी प्रबंधकों ने अपने अपने विद्यालयों पर योग कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। आगामी 23 जून को आयोजित होने वाले संगठन के स्थापना दिवस समारोह जो कि कुशीनगर जनपद में आयोजित होगा, जिसमें अयोध्या जनपद से अधिक से अधिक प्रबंधकों के पहुंचने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय, मंत्री संजीव सिंह, प्रबंधक राजेश चौबे, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष एसपी वर्मा, तारुन ब्लॉक अध्यक्ष कर्मवीर वर्मा, मया से अवधेश गुप्ता, राणा सिंह, विजय निगम, बख्शीश अहमद सहित अन्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

### चार दिन बाद दर्ज हुआ नाबालिग से कुकर्म का केस

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** एक नाबालिग लड़के के साथ हुए कुकर्म मामले में केस पंजीकृत करने में पुलिस को चार दिन लग गए। घटना बुधवार की रात की है। आरोप है गांव निवासी एक नाबालिक लड़के को गांव का ही निवासी युवक लल्लन यादव अपनी हवस मिटाने के लिए बहला फुसला कर खेतों की ओर ले गया और अपना शिकार बना डाला। घरेलू दुकान से गायब हुए लड़के को माता पिता ने एक पानी की टंकी के पास से बरामद किया जिसने आपबीती सुनाई तो सुन कर पूरा गांव सकते में आ गया। तहरीर घटना के दिन ही मां की ओर से पुलिस को दी गई लेकिन इसे एक साजिश और गंवई राजनीति से प्रेरित बता कर पुलिस टालती रही। जब शिकायत के बाद बड़े कप्तान ने संज्ञान लिया तो शनिवार की शाम पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कुकर्म की धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू किया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया जांच पड़ताल के बाद प्रथम दृष्टया घटना सही प्रतीत होने से केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### उच्च न्यायालय के आदेश पर दो वर्ष बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर के दौलतपुर गांव में 24 जून 2022 को हुए एक हत्या में उच्च न्यायालय के आदेश पर 2 साल बाद तीन आरोपियों के विरुद्ध नामजद केस पंजीकृत हुआ।अधिवक्ता दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना कुमारगंज के ग्राम रसूलपुर लिलहा निवासी मृतक रामस्वरूप जो थाना पूरा कलन्दर के ग्राम दौलतपुर में रहकर राजगीर का कार्य करता था को पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए गांव के ही दलगंजन यादव, हनुमंत यादव तथा लाल जी ने मिलकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से मार कर पेड़ से लटका दिया था। मृतका की पत्नी रामादेवी ने हत्याकांड की सूचना स्थानीय पुलिस पूराकलन्दर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या से प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रंजिश का कारण प्रेम प्रसंग बताया गया था। थक हारकर पीड़िता रामादेवी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में रिट याचिका दायर किया। उच्च न्यायालय के आदेश पर मामले में हत्या व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# नगर निगम के अधिकारियों ने गोद लिया एक-एक शौचालय

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ अनूठी पहल: अब नगर क्षेत्र के सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का होगा बेहतर प्रबंधन**

**अमृत विचार :** अब नगर निगम क्षेत्र के सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। इसके लिए नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा व वरिष्ठ अधिकारी न्यूनतम एक-एक शौचालय गोद लेंगे। संबंधित अधिकारी अपने लिए नामित सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए चेक लिस्ट के अनुरूप शौचालय पर पाई गई कमियों का निराकरण किया। जिससे अयोध्या में आने वाले श्रद्धालु व स्थानीय लोगों का बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके।

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने जानकी महल मोड़ पर स्थित शौचालय, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय को कच्चा घाट पुलिस चौकी के पीछे, अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला को तुलसी उद्यान स्थित सार्वजनिक शौचालय, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को राम की पैड़ी पर स्थित शौचालय, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने रामपैड़ी प्रथम शौचालय गोद लिया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त सन्तोष कुमार ने जानकी महल मोड़ पर स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पाई गई।

# कड़ी सुरक्षा में मनाया जाएगा बकरीद का पर्व

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ईद -उल - अजहा का पर्व सोमवार को जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले कुर्बानी के त्यौहार के दूसरे दिन बड़े मंगल को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता और बढ़ा दी गई है। जिले भर की डेढ़ सौ से अधिक मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी को क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं।

ईद उल अजहा के बीच बड़ा मंगल भी पड़ रहा है इसलिए विशेष एलर्ट रखा गया है। नगर की ईदगाह में प्रातः साढ़े सात बजे और टाटशाह में नौ बजे ईद की नमाज अदा होगी। इसके अलावा नगर की अन्य मस्जिदों में प्रातः नौ बजे से साढ़े दस बजे तक अलग अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह में नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं वहीं सड़क पर नमाज न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पहले ही मस्जिदों के इमामों को सूचित कर दिया गया है। वहीं शिया जामा मस्जिद इमामबाड़ा में दस बजे और चौक मस्जिद में साढ़े दस बजे नमाज अदा होगी। गुलाबबाड़ी स्थित शाही मस्जिद में नौ बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा सोहावल, रुदौली समेत जिले भर में ईद उल अजहा की नमाज को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। शासन की गाइड लाइन के अनुसार खुले में कुर्बानी और सोशल मीडिया पर पोस्ट की भी पाबंदी लागू की गई है।

ईद-उल -अजहा की नमाज को लेकर सिविल लाइन स्थित ईदगाह में हो रही तैयारी।

**▸▸ डेढ़ सौ से अधिक मस्जिदों में अदा होगी नमाज**

अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह का कहना है कि धर्म स्थलों पर नमाज को शांति के साथ संपन्न करने के लिए पुलिस पिकेट लगाई गई है साथ ही कुर्बानी की निगरानी के लिए संबंधित क्षेत्र की चौकी और थाना कोतवाली पुलिस को जिम्मा दिया गया है तथा निगरानी दस्ता गठित किया गया है। पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए दो कंपनी पीएसी की भी तैनाती की जा रही है। शांति समितियां की बैठक के माध्यम से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन हो। खुले में कुर्बानी नहीं होने दी जाएगी।

**तैयारी** | अग्निवीर की भर्ती रैली 24 से 30 जून तक, एक व दो जुलाई को होगा मेडिकल परीक्षण

# डोगरा में शुरू के दो दिन दौड़ेंगे 13 जिलों के अभ्यर्थी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में अग्निवीर भर्ती रैली 24 से 30 जून तक चलेगी। पहले दो दिन यानि 24 व 25 जून को 13-13 जिलों के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। भारत सरकार की रक्षा शाखा से जारी पत्र के अनुसार भारतीय सेना भर्ती रैली के लिए डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड को तैयार किया जा रहा है। एक और दो जुलाई का दिन मेडिकल परीक्षण के लिए आरक्षित किया गया है।

24 जून को अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास) की श्रेणी और 25 जून को अग्निवीर कार्यालय सहायक/एसकेटी अग्निवीर तकनीकी श्रेणी के लिए एआरओ अमेठी के तहत सभी 13 जिलों के लिए यानी अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

प्रतीकात्मक

### जनरल ड्यूटी की श्रेणी के लिए 26 से भर्ती रैली

26 को अंबेडकर नगर, बस्ती और महराजगंज के लिए, 27 को कुशीनगर, कौशांबी, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के लिए, 28 को सुल्तानपुर और प्रयागराज के लिए, 29 को प्रतापगढ़ और अमेठी के लिए, 30 को अयोध्या और रायबरेली के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती रैली होगी। एक और दो जुलाई को मेडिकल परीक्षण के लिए दिन आरक्षित होगा।

### दलालों का शिकार न बनें उम्मीदवार

खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, रैली अटूट क्षमताओं वाले उम्मीदवारों को आकर्षित करती है। यह इस बात पर जोर देता है कि अपनी अद्वितीय शक्तियों के साथ, आप सभी बाधाओं के खिलाफ विजय प्राप्त करेंगे और सम्मानित भारतीय सेना में शामिल होने के लिए अपनी योग्यता साबित करेंगे। रैली के आधार पर आपकी योग्यताएं निर्णायक कारक होंगी। इसलिए उम्मीदवारों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वे किसी भी दलाल के शिकार न बनें। सभी प्रतिभागी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ रैली में पहुंचे।

### ऐसे होगी भर्ती प्रक्रिया

रैली में फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा, जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिग जैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल होगा। जो लोग पीएफटी पास कर लेंगे वे शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) के लिए आगे बढ़ेंगे, जिसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती के विस्तार को मापा जाएगा। पीएमटी उत्तीर्ण करने वाले सभी लोग दस्तावेजीकरण के लिए आगे बढ़ेंगे, जिन उम्मीदवारों के दस्तावेज सही पाए जाएंगे, वे मेडिकल जांच के लिए आगे बढ़ेंगे।

## 216 उप निरीक्षकों का गैर जिला तबादला

**अयोध्या। अमृत विचार:** अयोध्या रेंज में छह वर्ष तक तैनात रहे 216 उप निरीक्षकों का इसी रेंज के जिलों के तबादला हो गया है। यह तबादला आईजी रेंज प्रवीण कुमार ने किया। जिले से 106 उपनिरीक्षक, सुल्तानपुर जिले से 9, बाराबंकी से 5, अंबेडकरनगर से 18 व अमेठी से 38 उपनिरीक्षकों का तबादला रेंज के गैर जिलो में हुआ है। अयोध्या रेंज के ही पांचो जिलों में 6 वर्ष पूरे करने वाले उप-निरीक्षकों को भेजा गया है। अयोध्या जिले से मुख्य रूप से उप निरीक्षक यशवंत द्विवेदी, विवेक सिंह, राम प्रकाश सिंह, विजयंत मिश्रा, अमित शंकर यादव, अनुराग पाठक, सत्य प्रकाश यादव, मनीष चतुर्वेदी, अभिनंदन पांडे, जगन्नाथमणि त्रिपाठी, स्वतंत्र कुमार मौर्या विवेक राय व मनोज प्रजापति का तबादला रेंज के गैर जिलों में हुआ है।

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य : क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षयों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ,लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?

-फेसबुक वॉल से

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था,पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।

## एक नजर

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**तिलोई, अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मनोज कुमार (30) निवासी मठिया मजरे मेढौना को ग्राम मठिया से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के सामने पेश करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जायस, अमेठी।** थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत अभियुक्त अंशू मौर्या (23) निवासी शेखाना कस्बा को रविवार को मासूम शाह बाबा मजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** शिवरतनगंज पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस ने वांछित अभियुक्त संजय कुमार निवासी ग्राम कांटी जनपद मुज्जफरपुर, बिहार को गिरफ्तार किया। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश किया।

### आम का पेड़ काट रहे दो लोगों को पकड़ा

**अमेठी, अमृत विचार।** रामगंज पुलिस ने गाजीपुर गांव में आम के हरे पेड़ काट रहे दो अभियुक्त को मौके पर ही दबोच लिया। उनके कब्जे से लकड़ी काटने वाली दो मशीन भी बरामद की है। वन संरक्षण अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की गई है। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गाजीपुर में आम के पेड़ काटे जा रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर पेड़ काट रहे दयाराम कोरी निवासी ग्राम अमटाही थाना संग्रामपुर और रोहित कोरी निवासी ग्राम अमटाही थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से आरा मशीन और कटी हुई लकड़ी बरामद की गई है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 14 साल पहले बने उपकेंद्र अब तक नहीं किए गए हैंडओवर

## स्वास्थ्य विभाग को भी नहीं पता कहां हैं भवन, आज भी किराए के भवन में संचालित है स्वास्थ्य उपकेंद्र

केशव बाजपेई, शुकुल बाजार अमेठी

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य सेवाएं जनजीवन की अहम जरूरतों में शामिल हैं। वर्ष 2005 में उप स्वास्थ्य केंद्र तेंदुआ के भवन निर्माण के लिए धन का आवंटन शासन स्तर पर हुआ। भवन निर्माण का टेंडर भी हो गया। इसके बाद तत्कालीन ग्राम प्रधान ने भवन के लिए जमीन देने से मना कर दिया। ऐसे में महकमे ने पड़ोस की ग्राम पंचायत दक्खिनगांव के पूरे लोहांगी गांव में भवन निर्माण का प्रस्ताव लेकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया।

बसपा शासन काल में पांच वर्षों तक चले निर्माण के बाद कार्यदायी संस्था भवन हस्तांतरित किए बगैर ही गायब हो गई। नतीजतन, भवन के दरवाजे तो हैं, मगर खिड़कियां नदारद हैं। ग्रामीण आज तक नहीं जान सके कि उक्त भवन किस प्रयोग के लिए बना है। बहरहाल, लाखों रुपये की लागत से बना स्वास्थ्य उपकेंद्र अपनी उपयोगिता खोने के साथ रख-रखाव के अभाव में बदहाल हो रहा है, जहां जंगली जीव-जंतुओं ने अपना बसेरा बना लिया है। अधीक्षक का कहना है कि दक्खिनगांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण नहीं होना था। यह क्षेत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दायरे में आता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभी तक यह हैंडओवर नहीं किया है। जिससे आसपास के लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। उपकेंद्र को चालू करने के लिए ग्रामीण सीएमओ, सांसद और विधायक से लगातार मांग कर रहे हैं। जिससे यहां के आसपास के गांवों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

शुकुल बाजार क्षेत्र में वर्षों से निष्प्रयोज्य पड़ा सीएचसी भवन। अमृत विचार

### ग्राम पंचायत में उपकेन्द्र न होने से जच्चा-बच्चा परेशान

तेंदुआ में स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं होने से जच्चा-बच्चा को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां नियुक्त एएनएम तीन किलोमीटर दूर स्थित कस्बे में निवास करती है। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी उसे किराए के मकान में रहना पड़ रहा है।

### वर्षों तक उपकेंद्र तलाशता रहा स्वास्थ्य विभाग

स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण भूमि आवंटन के सापेक्ष नहीं होने से विभाग भी उसे तलाशता रहा। स्वास्थ्य महकमा इस उपकेंद्र के भवन को तलाशता रहा। काफी गहराई से पड़ताल करने पर पता चला कि भवन निर्माण के लिए आवंटित धन का गबन नहीं हुआ। बल्कि निर्धारित स्थान से पांच किलोमीटर दूर भवन का निर्माण कराया जा चुका है।

> भवन निर्माण में हेराफेरी हुई है। विभाग को अब तक भवन का हस्तांतरण नहीं हुआ है। वास्तव में भवन तेंदुआ उपकेंद्र के नाम से आवंटित था। प्रकरण उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। आदेश मिलने पर उसका अनुपालन कराया जाएगा। कार्यदायी संस्था के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। न ही भवन अब तक विभाग को हस्तांतरित हुआ है।
>
> **-डॉ. सुधीर कुमार वर्मा,**
> सीएचसी प्रभारी, बाजारशुकुल

### जन प्रतिनिधि बोले- तत्कालीन ग्राम प्रधान ने दी नादानी

तेंदुआ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की मानें तो ग्राम पंचायत में जमीन नहीं होना मात्र बहाना था। तत्कालीन ग्राम प्रधान की नादानी का परिणाम है, जिससे स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन यहां नहीं बन सका। जिससे ग्राम पंचायत के लोगों को ही परेशानी हो रही है।

## गोमती नदी में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** बकरी चराने गया युवक गर्मी से परेशान होकर नहाने के लिए गोमती नदी में कूद गया। लेकिन गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण वह डूब गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद शव को नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे महपत उरेर मऊ गांव निवासी कामाख्यादीन (25) पुत्र रामजस दोपहर में गोमती नदी किनारे बकरियों को चराने गया था। इसी दौरान वह नदी में नहाने लगा। नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी थाना अध्यक्ष राम जी सिंह ने कहा कि नदी में डूबकर युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कचरा ढोने वाली नदी बनकर रह गई है गंगा

## जलवायु परिवर्तन के लिए जल बिरादरी ने आयोजित की विचार गोष्ठी, जताई गई चिंता

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जल बिरादरी की ओर से रविवार को स्थानीय डाक-बंगला में गंगा दशहरा के अवसर पर गंभीर जल संकट एवं हो रहे व्यापक जलवायु परिवर्तन को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी ज्ञान स्वरूप सानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ की।

पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि दुनिया भर में गंगा जैसी कोई नदी नहीं है, जिसका अवतरण हुआ हो। प्राण दायिनी गंगा का अस्तित्व हिमालय से है। हिमालय रहेगा तभी मां गंगा बहेंगी, जब गंगा बहेंगी तभी देश बचेगा। आज मां गंगा कचरा ढोने वाली नदी बनकर रह गयी है। माई को कमाई का साधन बना दिया गया है, जो चिन्ता का विषय है। मुख्य अतिथि पानी पत्रकार अरुण तिवारी ने कहा कि गंगा गंगा हैं, यमुना गंगा नहीं हैं। गंगा का अस्तित्व एक न एक दिन फिर से कायम होकर रहेगा। कहा कि उभरते जल संकट से निपटने के लिए सरकारी स्तर के साथ ही समाज के स्तर से भी प्रयास करना होगा। अध्यक्षता करते हुए एसएन पाल ने कहा कि पंचमहाभूतों में जल का महत्व सर्वोपरि है।

जलसंकट से निजात मिले इसके लिए पुरानी पीढ़ी की तरह नैतिक बनने की जरूरत है। मां गंगा पतित पावनी है। इनके प्रति अपार जनमानस में आस्था है, प्रोफेसर जीडी अग्रवाल उर्फ स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद के बलिदान को यह देश कभी भुला नहीं सकता।

उन्होंने मां गंगा के प्रति जो त्याग किया है वह अविस्मरणीय है। कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि ग्लैशियर का सिकुड़ना खतरनाक है। पहाड़ खोखला होता जा रहा है,जो चिन्ता का विषय है। गोष्ठी में ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, जगदम्बा तिवारी मधुर, रामकुमारी साहु, रामबहोर यादव, विनीत तिवारी, जगन्निवास मिश्र, आशुतोष गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित जल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने का बीड़ा अमेठी जल बिरादरी ने उठाया।

जलवायु परिवर्तन को लेकर आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद वक्ता। अमृत विचार

## धरने पर बैठे सिंचाई सुविधा से वंचित बीघापुर के किसान

संवाददाता, उन्नाव।

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते विभागीय अधिकारियों से साठगाठ कर ठेकेदारों ने नहरों की सफाई में मनमानी की है। इससे क्षुब्ध होकर क्षेत्रीय किसान प्रगतिशील किसान ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में एकत्र होकर रावतपुर स्थित नहर कोठी में धरने पर बैठ गए।

जानकारी पाकर एसडीएम किसानों को समझा धरना समाप्त कराने पहुंचे, लेकिन किसान पुख्ता आश्वासन न मिलने तक मौके से हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सिंह ने जल्दी ही जरूरत के हिसाब से सभी रजबहों व माईनरों की सफाई कराने का वादा करते हुए धरना समाप्त कराया। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के रावतपुर रजबहा सहित अन्य रजबहों व माइनर की सफाई के नाम पर फावड़ा लगाए बिना ही विभागीय साठगाठ के चलते इस मद का बजट हजम कर डाला गया। इसीलिए रोस्टर के तहत पानी छोड़े जाने पर भी किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाती है। विभिन्न माइनर में जंगली पेड़-पौधे खड़े होने से खेतों तक पानी ही नहीं पहुंचता।

### भीषण गर्मी में बंद रहे स्टेशन पर पंखे, यात्री दिखे परेशान

**संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी।** गौरीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक के पूर्वी छोर पर लगे इलेक्ट्रॉनिक पंखे बंद रहे यात्रियों को गर्मी से परेशान होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। इस अव्यवस्था को लेकर यात्रियों में नाराजगी भी दिखी। स्टेशन पर लगे पंखे बंद होने की यह समस्या एक दिन की नहीं है। प्रतिदिन यात्रियों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। पंखों के साथ नालों से ठंडा पानी भी निकलता है। जबकि अभी यात्रियों को इन सुविधाओं की बेहद आवश्यकता है इसके बाद भी रेलवे का संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। प्लेटफार्म एक के पूर्वी छोर पर सभी पंखे बंद होने के कारण यात्री गर्मी से बेचैन रहे उनकी नज़रें बार-बार पंखे की तरफ जाती। नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन आने के बाद भी स्थिति जस की तस रही। इसके चलते यात्रियों में नाराजगी दिखाई दी।

# हादसों में महिला समेत चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना में अचलगंज थानांतर्गत टिकरी पदमरा गांव निवासी राम दुलारी (58) पत्नी फूल सिंह बारासगवर के रुद्रपुर गांव रिश्तेदारी में गई थी। वहां से वह अपने बेटे अखिलेश सिंह के साले दिलीप के साथ शनिवार शाम बाइक से लौट रही थी। अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर भैंसई नौबस्ता व बेथर गांव के बीच कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उछलकर नीचे गिरने से राम दुलारी व दिलीप घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से परिजन उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुरवा कोतवाली अंतर्गत रघुवर खेड़ा का मुन्नी लाल (50) ई-रिक्शा चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। शनिवार रात वह कोतवाली क्षेत्र कसरौर गांव अपनी ससुराल जा रहा था। तभी पासाखेड़ा-मिर्जापुर सुम्हारी मार्ग पर हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। रायबरेली जिले के सरेनी थानांतर्गत भीटी गांव निवासी कृष्ण पाल के बारासगवर थानाक्षेत्र के मधुकर खेड़ा गांव निवासी बहनोई की मौत हो गई थी। इसकी खबर पर वह गांव की रहने वाली रिश्ते की बहन ज्ञान देवी (65) व अपनी पत्नी प्रीती के साथ मधुकर खेड़ा जा रहे थे। रविवार सुबह भगवंत नगर चौकी के पीछे ठाकुर द्वारा के पास डंपर की टक्कर से सभी घायल हो गए। सुमेरपुर पीएचसी में डाक्टर ने ज्ञान देवी को मृत घोषित कर दिया।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कादिरपुर निवासी हरिशंकर (23) 17 मई को देहरादून गया था। जहां से फैक्ट्री मालिक ने उसे प्रयागराज में चल रही दूसरी साइड पर काम करने भेजा था। शनिवार को हरिशंकर साथी श्रमिकों के साथ बस से प्रयागराज जा रहा था। प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर बछरावां के पास एक बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### सीएचसी पर जन आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**जगदीशपुर, अमेठी।** रानीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाए वितरित की गई। इसी तरह विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित समस्त प्राथमिक केंद्रों पर जन आरोग्य मेले में आए मरीजों को परीक्षण के उपरांत मुफ्त दवाए वितरित की गई। साथ ही लू से बचने के लिए जागरूक किया गया।

### खाना बनाते समय लगी आग, सामान जला

**अमेठी, अमृत विचार।** जामो थाना क्षेत्र के कटारी रानी का पुरवा गांव में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से मकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया था। गांव निवासी कंराज की पत्नी रविवार सुबह घर में खाना बना रही थी। इसी बीच अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी। पीड़ित ने कहा कि आग से उसका सब कुछ जलकर राख हो गया है और खाने के लिए भी कुछ नही बचा है।

### भारत स्काउट और गाइड का शिविर संपन्न

**अमेठी।** स्काउट गाइड का पाचदिवसीय शिविर के समापन दिवस रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही योग का अभ्यास किया गया। रविवार को समापन दिवस की शुरुआत योग से हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने शनिवार की शाम स्काउटिंग परंपरा के अनुसार ग्रैंड कैंप फायर में सभी प्रतिभागी विद्यालयों के स्काउट/गाइड के साथ शिविराग्नि को प्रज्ज्वलित किया। सभी प्रतिभागियों ने टोली के अनुसार पर्यावरण, नशा उन्मूलन, देशभक्ति, नारी शक्ति व उत्तर प्रदेश- उत्तम प्रदेश पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि स्काउटिंग के इस पंचदिवसीय शिविर में सभी स्काउट/गाइड ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया, वे निश्चित ही अपने जीवन में स्काउटिंग विधा को संजोकर रखेंगे और समाज में अपने माता- पिता का नाम रोशन करेंगे। शिविर के अंतिम दिवस में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य देवमणि उपाध्याय प्रबंधक कुशाग्र बरनवाल जिला सचिव रामप्रकाश लता सिंह सहित सैकड़ों लोग थे

### दुर्घटना में युवक की इलाज के दौरान मौत

**जामों, अमेठी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रवि सिंह उम्र 32 वर्ष पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी पुर बख्तावर मजरे भीखीपुर जो कल शाम 8:00 बजे जामों बाजार से मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर जा रहे था केशवपुर नहर रोड पर माइनर के आसपास किसी अज्ञात वाहन ने उसके मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी टक्कर लगने की वजह से घायल होने की बात बताई जा रही है इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल पर भी नाजुक हालत देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई है थाना प्रभारी बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई लखनऊ में प्रचलित है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला खलासी का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत सरिया लादने आए ट्रक के खलासी का केबिन में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने जहर की आशंका के चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है। हरदोई जिला के थाना कछौना के पूरब खेड़ा हथौड़ा गांव निवासी सतीश (40) पुत्र रामऔतार ट्रक में खलासी था। चालक शकील ने बताया कि वह दोनों सदर कोतवाली के मगरवारा चौकी स्थित रिमझिम फैक्टरी में सरिया लादने आया था। पोस्टमार्टम में शराब मिलने के साथ ही जहर भी मिला है। मौत का सही कारण स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित किया गया है। वह हरदोई के बिलग्राम के गांव कटरी परसोला निवासी बहन बहन लक्ष्मी पत्नी सुधीर के साथ रहता था। करीब सात साल से वह अपने घर नहीं गया था। मोटर मालिक कानपुर निवासी सतीश के आने के बाद परिजन शव लेकर चले गए। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

### हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार दोपहर पड़ोस के गांव के पास हत्या कर दी गई थी। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों को पकड़ने में लगी हुई थी। जहां पुलिस ने हत्यारोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार किया। जहां उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद किया। जिसके बाद दोनों पर कार्यवाही कर जेल भेजा है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दबिशें दे रही है। बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को मृतक के परिजनों ने पीएम हाउस में हंगामा काटने के बाद सड़क जाम किया था। इधर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी डॉ. रामफल प्रजापति ने कनिकामऊ मोड़ के पास से हत्यारोपी उद्दा खेड़ा निवासी राहुल और कमलेश को गिरफ्तार किया।

## फसल के उचित मूल्य की मांग मुख्यमंत्री से मिलेंगे किसान नेता

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा रबी की फसलों का किसानों को उचित मूल्य दिलाने का कार्य किया है। उसे लेकर किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने कहा कि इसी तरह यूपी के किसानों को भी रबी की फसल का मूल्य मिले। इसके लिये वह सीएम योगी से मुलाकात करेंगे।

किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय अनमोल ने बताया कि 11 जून को बम्बई में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा व दमन 6 राज्यों की बैठक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर किसानों को रबी की फसलों के उचित मूल्य दिलाने के लिये हुई थी। जिसमें रबी की फसलों में जमीनी स्तर पर अध्ययन के अनुसार वास्तविक आने वाली कृषि लागत और जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों के आकस्मिक नुकसान आदि को दृष्टिगत रखते हुये कृषि लागत तय कर उचित कीमतों की सिफारिश के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। देश में पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने किसानों के हित में नई पहल शुरू की है। जिसका उत्तर प्रदेश के किसान स्वागत करते हैं।

## युवक को लाठी डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के पिंडोखा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक को लाठी डंडों से मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पिंडोखा गांव निवासी इरफान ने बताया कि वह खेतों में बकरी चराने गया था, तभी गांव के रहने वाले अभिषेक, साहिल व अन्य उसे रोक कर गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। घायलावस्था में वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधायक ने की पहल, बचा रहेगा कुआं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता की पैरवी पर नगर पालिका ईओ ने मुबारिज नगर मोहल्ला स्थित शिवपाल सिंह यादव वाली गली में प्राचीन कुआं बंद करने वालों को चेतावनी दी।

दोपहर 12 बजे राज गुप्ता, राकेश दीक्षित, हरिशंकर मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम, गुड्डू दीक्षित, राजू गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, नीरज तिवारी, ब्रजभूषण सिंह, चंद्र प्रकाश, सचिन गुप्ता, रवि वाजपेयी, संदीप वाजपेयी, मुकुंद वाजपेयी, प्रशांत पांडेय, मनोज निगम, हजारी लाल गुप्ता व पवन चौरसिया समेत दो दर्जन से अधिक मोहल्ला व क्षेत्रवासियों ने आईबीपी चौराहा से गुजर रहे सदर विधायक को समस्या बताई। विधायक ने ईओ से फोन पर वार्ता कर मौके पर जाकर स्थिति देख फरियादियों की समस्या का समाधान कराने को कहा। ईओ ने मौके पर जाकर बंद किए जा रहे कुएं को देखा। बता दें कि कुएं का अस्तित्व बचाने को परेशान लोगों ने जिलाधिकारी तक से गुहार लगाई थी।

सदर विधायक पंकज गुप्ता से मुलाकात करते मुबारिज नगर के बाशिंदे।

## मकान के बंटवारे को लेकर महिला को पीटा

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के बनी गांव में मकान बंटवारे को लेकर एक महिला को उसे दो जेठों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है।

बनी गांव निवासी रानी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मकान बंटवारे को लेकर उसके जेठ रामसेवक और मोती से विवाद हो गया। जिस पर रामसेवक और उसके बेटे अंकित, मोती ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**आयोजन** गायत्री शक्ति पीठ पर उत्साह पूर्वक मनाया गया, गायत्री जयंती गंगा दशहरा पर्व, व्यवस्थापक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा

# संस्कृति की जननी व आत्मबल की अधिष्ठात्री हैं गायत्री

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** रविवार को गायत्री शक्ति पीठ पर गायत्री जयंती गंगा दशहरा पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कई पालियों में परिव्राजक इन्द्र देव शर्मा व सविता शर्मा ने सम्पन्न कराया। साथ ही इस मौके पर बच्चों का का अन्नप्रासन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया।

गायत्री जयंती से पूर्व शनिवार से गायत्री मंत्र साधना का क्रम शुरू हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से लाए गए शक्ति कलश के सम्मुख गायत्री मंत्र जप का क्रम गुरु पूर्णिमा तक चलता रहेगा। परिव्राजक इंद्रदेव ने उपस्थित सभी परिजनों से मंत्र जप साधना से जुड़ने का आवाह्न किया।

गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि गायत्री ज्ञान- विज्ञान की देवी हैं, गायत्री को वेदमाता, ज्ञान गंगोत्री, संस्कृति की जननी एवं आत्मबल की अधिष्ठात्री कहा जाता है, इसे गुरु मंत्र कहते हैं। गायत्री देवत्व, सत्प्रवृत्ति और सदाचार की जननी है। आज गंगा और गायत्री के जन्म दिन का पुनीत पर्व हम सबके कर्म में गंगा जैसी सरसता और चिन्तन में गायत्री. जैसी ज्योति उत्पन्न करें ऐसी कृपा गुरुदेव प्रदान करें। उन्होंने गायत्री शक्ति पीठ के माध्यम से चलाए जा रहे गृहे गृहे गायत्री यज्ञ की चर्चा करते हुए कहा कि गुरुदेव ने उनके विचारों को, माँ गायत्री को घर-घर पहुंचाने का विराट संकल्प लिया और आज पूरी दुनिया गायत्री की महिमा को समझ रही है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि मार्च 2025 में अमेठी में आयोजित 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ हम सबके लिए सौभाग्य और एक बड़े अवसर के रूप में आया है। अमेठी के घर-घर में माँ गायत्री की स्थापना का दायित्व हम सभी का है, हमने गुरुदीक्षा के वक्त समयदान का संकल्प लिया था। हमें गांव-गांव घर-घर पहुँचना होगा तभी सच्चे अर्थों में हम गुरुदेव के सैनिक कहलाने के अधिकारी होंगे। गायत्री जयंती के दिन ही 2 जून 1990 को वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने स्थूल शरीर का त्याग कर दिया था। आज उनके 34वें महाप्रयाण दिवस पर उनकी समाधि स्थल के प्रतीक प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा पर अक्षत पुष्प चढ़ाकर लोगों ने अपने संकल्पों को पूरा करने की शक्ति मांगी।

गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

## एक नजर

### बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

**नैनी, अमृत विचार :** कोतवाली नैनी स्थित रीवा राजमार्ग पर डांडी बाजार के समीप रविवार अपरान्ह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। वह बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल जा रहा था। घटना की से सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मौके की औपचारिकताएं पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रतापगढ़ के संडौरा, हरिहरगंज निवासी पवन कुमार सिंह 31 पुत्र अमर सिंह मेडिकल स्टोर चलाता है। रविवार अपरान्ह वह बाइक से अपने ससुराल घूरपुर के बिगहिया गांव जा रहा था। नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित डांडी बाजार के समीप किसी वाहन की चपेट में वह आ गया। मृतक के दो बच्चे हैं।

### फतनपुर थाना परिसर में शार्ट सर्किट से लगी आग

**गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** फतनपुर थाना परिसर में बिजली की शार्ट सर्किट से रविवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें घास में पकड़ ली इससे थाना परिसर में आग बढ़ती गई। आग से थाना परिसर में जब्त कुछ वाहनों के टायर भी जल गए। स्थानीय लोग व पुलिस कर्मी आग पर काबू करने का प्रयास करते रहे। सूचना पर फायरब्रिग्रेड कर्मी पहुंचे। करीब घंटे की मशक्कत के बाद आग काबू में हुई।

### वारंटी गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी एक युवक के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी होने पर पुलिस ने रविवार की सुबह वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है ।एसआई शैलेश सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह के साथ न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी संतोष विश्वकर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। संतोष विश्वकर्मा के विरुद्ध किसी मामले में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया था।

# संगम में दो लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## गंगा दशहरा : गर्मी पर भारी पड़ी आस्था, धूप में नहीं डिगे पांव

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा के पवित्र पर्व पर रविवार को संगम नोज पर गंगा स्नान के लिए भारी भीड़ जुटी। इस भीषण गर्मी में आस्था के आगे किसी के पांव नहीं रुके। संगम में डुबकी लगाने के लिए भोर से ही लोग पहुंचे। श्रृद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दान पुण्य कर परिवार की मंगल कामना के लिए मां गंगा का आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पे घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

गंगा दशहरा विशेष पर्व माना गया है। इस दिन मां गंगा का अवतरण स्वर्ग से धरती पर हुआ था। इस पावन पर्व पर मां गंगा में डुबकी लगाने से सभी पाप धुल जाते हैं। इस पवित्र पर्व पर देश के कोने कोने से श्रद्धालु संगम तट भी पहुंचे। गंगा में स्नान का सिलसिला सुबह 4 बजे से ही शुरू हो गया। जो पूरे दिन तक चलता रहा। श्रृद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दान-पुण्य भी किया। इस दिन दान में सत्तू, मटका और हाथ के पंखों का दान किया।

प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

**गर्मी में सिमट गई गंगा, घुटने तक रहा पानी :** गंगोत्री से गंगासागर तक करोड़ों लोगों के जीवन और आजीविका का आधार बनी जीवनदायिनी गंगा की धारा कई जगह पर सिमट गई है। जल का प्रवाह कम होने से फाफामऊ से संगम के बीच कई जगह सिर्फ रेत के टापू दिखाई पड़ रहे हैं। संगम में स्नान करने वालों को घुटने तक पानी में ही डुबकी लगानी पड़ रही है।

**भीषण गर्मी में जाम, बेहाल रहे श्रद्धालु :** रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ प्रयागराज में उमड़ पड़ी। वाहनों की अधिक संख्या के कारण रीवा राजमार्ग पर जाम लग गया। लेप्रशी चौराहा से मिर्जापुर मार्ग के वाहन भी नहीं निकल पा रहे थे। रीवा राजमार्ग पर तो स्थिति यह थी कि लेप्रशी चौराहे से बड़ी संख्या में वाहन कतार में लगे रहे।

**हीट स्ट्रोक से वाहनों में लगी आग :** प्रयागराज में रविवार सुबह नैनी के लेप्रशी चौराहा के आसपास कई वाहनों में आग लग गई। इससे जाम में फंसे वाहनों पर सवार लोग दहशत में रहे। मवैया निवासी अमन निषाद शहर स्थित उड़ीसा आश्रम से जुड़ा हुआ है। उड़ीसा से आए दो पुरुष एवं दो महिला तथा एक बच्चे को वह अपनी आर्टिगा कार से चित्रकूट धाम लेकर जा रहा था। वह जैसे ही लेप्रशी चौराहा पार करने के बाद गाड़ी जाम में फंस गई। गाड़ी का एसी चल रहा था। अचानक उसमें आग लग गई।

# गर्मी व लू से निपटने के लिए प्रशासन सक्रिय

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **टोल फ्री नम्बर किया गया जारी सभी सरकारी अस्पतालों में बनाए गए विशेष वार्ड**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जिले में गर्मी और लू से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एक तरफ जहां शासन की तरफ से लोगों को गर्मी और लू से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सभी सरकारी अस्पतालों में इसे लेकर खास इंतजाम किए गए हैं।

जिले में अभी तक लू की चपेट में 173 से अधिक लोगों को सरकारी अस्पतालों में भर्ती किया गया है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशु पांडेय के मुताबिक जिले के सभी अस्पताल के अधीक्षकों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। उनकी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

शासन के निर्देश पर जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में एक कोल्ड वार्ड बनाया गया है ताकि जो गर्मी व लू की चपेट वाले मरीज आएं उन्हें तत्काल उसमें रखा जाए और तत्काल उनका इलाज शुरू किया जाए। मरीजों की जिला मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 0532-2644644 पर कॉल करके लू या गर्मी से पीड़ित मरीजों के इलाज संबंधित जानकारी ली जा सकती है। जिले में 108 एंबुलेंस सक्रिय हैं। यदि किसी को भी धूप में गिरते हुए या अचेत होते देखते हैं तो इसके लिए 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित कर सकते हैं ताकि उसे समय रहते नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# कोचिंग संस्थान के खिलाफ 74 छात्रों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार:** शहर की नामचीन प्राइवेट शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ 74 छात्रों की सिविल लाइंस थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

छात्रों के अभिभावकों का आरोप है कि उनके साथ संस्थान ने धोखाधड़ी किया है। पुलिस नव मामले में केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। आरोप लगाया है कि छात्रों से तीन तीन लाख रुपये ले लिए गये है। अब पढ़ाई भी नहीं हो रही है। अभिभावकों ने मैनेजिंग डॉयरेक्टर डीके गोयल, मुख्य वित्तीय अधिकारी राजीब बब्बर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनीष आनंद, ब्रांच प्रशासनिक अधिकारी अनूप श्रीवास्तव, अमित पांडेय व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# डिकोडिंग के बाद अभ्यर्थी बताएंगे कॉपी बदली या नहीं

संवाददाता, प्रयागराज

**पीसीएस-जे 2022**

▸▸ **सूचना अधिकार के तहत छात्र ने किया था दावा, हुआ स्वीकार**

**अमृत विचार :** पीसीएस-जे मुख्य परीक्षा 2022 में कापियो के बदले जाने के मामले में एक अभ्यर्थी ने सूचना अधिकार के तहत अपनी उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के लिए दावा किया था। अभ्यर्थी ने कॉपी बदले जाने का भी गंभीर आरोप लगाया था। उसका कहना था कि उसकी अंग्रेजी विषय की कॉपी पर उसकी हैंडराइटिंग नहीं है। उसकी कॉपी को बदल दिया गया है। अब डिकोडिंग के बाद छात्र कापियों को देखकर बतायेंगे कि उत्तर पुस्तिका में अदला बदली हुई है या नही।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा अयोग यूपीपीएससी की ओर से पीसीएस जे के मुख्य परीक्षा 2022 की कॉपियो को अभ्यर्थियों को दिखाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय कॉपियों की बदले जाने के आरोप लगने के बाद अभ्यर्थियों ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कॉपियों को दिखाने के लिए आवेदन किया था। यूपीपीएससी में जिस तरह सभी अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की कॉपियां दिखाने का निर्णय लिया है उससे यही पता चल रहा है कि जांच के बाद आयोग परीक्षा की सुचिता को लेकर पूरी तरह से निश्चिन्त हो चुका है। परीक्षा में लगे गड़बड़ी की आरोप के जवाब में सभी अभ्यर्थियों को उनकी कॉपियां दिखाई जाएंगी। हालांकि आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन अभ्यर्थियों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था , उन्हें अपनी उत्तरपुस्तिका देखने के लिए समय और तिथि दी गई थी। आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर अपनी कॉपी को देख सकेंगे। आयोग ने यह भी कहा है कि सूचना अधिकार के तहत कॉपी देखने के लिए जो तिथि निर्धारित की गई थी। अब वह स्वतंत्र निरस्त मानी जाएगी। कॉपियो का निरीक्षण 20 जून से शुरू होगा और 31 जुलाई तक चलेगा।

# अरैल गंगा तट पर आयोजित हुआ त्रिवेणी योग महोत्सव

**प्रयागराज, अमृत विचार:** सूर्य की पहली किरण के साथ गंगा-जमुना-सरस्वती के पावन त्रिवेणी तट अरैल घाट पर त्रिवेणी योग महोत्सव का आगाज हुआ। महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर आधारित 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस,2024 का आयोजन 21 जून को पूरे विश्व में किया जाएगा। प्रातः 5:30 बजे से प्रारंभ योगाभ्यास 50 मिनट तक किया गया।

प्रयागराज फाउंडेशन एवं पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति और सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित योगाभ्यास में आरोग्यम योग संस्थान की संचालिका कुमकुम आचार्या ने योग का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। सैकड़ो प्रतिभागियों के साथ वं अपर महाधिवक्ता शिवकुमार पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल, अपर शासकीय अधिवक्ता शशांक शेखर पाण्डेय व पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति के सचिव दत्तात्रेय पाण्डेय, पार्षद दिलीप जायसवाल, पार्षद मयंक यादव ने योगाभ्यास किया।

श्रीगंगा दशहरा पर बेल्हा देवी घाट पर पत्नी संग आरती करते एसपी सतपाल अंतिल । अमृत विचार

# दीपों से जगमग हुआ मां बेल्हा देवी घाट

## श्री गंगा दशहरा महोत्सव : काशी से आए पुरोहितों ने की महाआरती

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** श्री गंगा दशहरा महोत्सव के पर्व पर रविवार की शाम मां बेल्हा देवी धाम घाट 11,551 दीपों से जगमग हो गया। घाट से लेकर मंदिर तक आदि गंगा मां सई का जयकारा लग रहा था। भक्तों की भारी भीड़ देवी धाम में उमड़ी। काशी से आये पुरोहितों ने जब मां आदि गंगा सई की महाआरती का शंखनाद कर शुरुआत तो घाट से मंदिर परिसर जयकारों से भक्तिमय हो गया। दीप जलाने के लिए श्रद्धालु आतुर दिखे।

मंदिर समिति के अध्यक्ष मुन्ना भैया की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 11551 दीप जलाए गए। मां आदि गंगा सई की पौराणिकता को देखते हुए गंगा आरती की तरह विधि विधान से पांच पुरोहितो द्वारा घंटा, घड़ियाल और शंख ध्वनि के बीच महाआरती की गई। कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन में अधिकारी महोत्सव को सफल बनाने में लगे रहे।

मुख्य अतिथि एसपी सतपाल अंतिल ने सपत्नी पूजन अर्चन कर मां आदि गंगा सई की महा आरती की। कार्यक्रम में एसडीएम सदर उदयभान सिंह,एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा,सीओ सिटी शिव नारायण बैश, रविंद्र केसरवानी, सुरेश चंद पांडेय, आलोक पांडेय, शैलेंद्र मिश्रा,आरबी सिंह, कुमकुम केसरवानी समेत हजारों श्रद्धालु महाआरती में शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### हृदयाघात से प्राचार्य का निधन, जताई संवेदना

मनोज मिश्र

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** एमडी पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार मिश्र का रविवार की शाम हृदयाघात से निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर परिजन बलीपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह एमडीपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जेपी मिश्र के पुत्र थे। उनके निधन की खबर सुनते ही सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाओं का तांता लग गया। उनके निधन पर सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल,राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी,विधायक आराधना मिश्रा माना,सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य,पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, पीबीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव,प्रो .बृजभानु सिंह,पीजी कालेज पट्टी के प्राचार्य प्रो .अखिलेश पाण्डेय,शिक्षक नेता प्रो .प्रदीप कुमार सिंह,प्रो .पवन कुमार पचौरी,प्रो .बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जनपदीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. शिव प्रताप सिंह,एबीवीपी के जिला प्रमुख प्रो .ब्रम्हानन्द प्रताप सिंह, प्रो. उपेंद्र सिंह समेत लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### निकाह से एक हफ्ते पहले युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** निकाह से एक हफ्ते पहले युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। युवक की मौत का कारण पता नहीं चल सका। वह मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। वह कुछ दिन पूर्व घर आया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।लीलापुर थाना क्षेत्र के छेमर सरैया निवासी 30 वर्षीय मो .शकील पुत्र जमील मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 23 जून को उसका निकाह होना था। कुछ दिन पूर्व ही छुट्टी लेकर वह घर आया था। रविवार सुबह उसका शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शकील पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली हैं। प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

### एसडीएम ने कर्मियों के साथ किया योगाभ्यास

**हलिया,मिर्जापुर, अमृत विचार ।** आने वाले दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक चल रहे योग सप्ताह के अवसर पर रविवार को एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने तहसील कर्मियों के साथ तहसील परिसर में योगाभ्यास किया है। इस दौरान एसडीएम के नेतृत्व में तहसील कर्मियों ने योग कर योगाभ्यास किया है। कई प्रकार के योगासन कर योग किया है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया जा सके। इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चल रहे योग सप्ताह के अवसर पर योगाभ्यास के लिए तहसील कर्मियों के साथ तहसील परिसर में योगाभ्यास किया गया है।

### विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा ने बनाई रणनीति

**मिर्जापुर, अमृत विचार ।** समाजवादी पार्टी मझवां विधानसभा उपचुनाव को दृष्टिगत देख उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मझवां विधानसभा की विकास खण्डवार हुई बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति तय की गई। मझवां ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष सौरभ सिंह, सीटी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष भोलानाथ यादव व पहाड़ी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया यादव एवं सीटी ब्लाक की आंशिक बैठक अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि मझवां विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ के बदौलत जीतेगी। कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ रहा है। नाम बढ़वाने का काम करें। इस मौके पर जोन, सेक्टर व बूथ की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या, शिवशंकर सिंह यादव, रामजी मौर्या, आदर्श यादव, संजय यादव, झल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी पर मामला दर्ज

**हलिया,मिर्जापुर, अमृत विचार ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के पिता ने रविवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है कि बीते 1 जून की रात्रि में गांव निवासी असर्फी विश्वकर्मा ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर सूचना दे रहा हूं। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित व किशोरी की तलाश करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर से भिड़े बाइक सवार, हालत गंभीर

**हलिया,मिर्जापुर, अमृत विचार ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरयां गांव में शनिवार की देर रात बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ गये, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी 40 वर्षीय कालेश्वर व 42 वर्षीय सूरज के साथ बाइक से बरयां की तरफ से घर लौट रहे थे कि बरयां गांव में बाइक तेजगति से होने के कारण विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गये।

### लाखों के गबन के आरोपियों को ले गई मुंबई पुलिस

**कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार:** महाराष्ट्र में 44 लाख रुपये का गबन कर भागे तीन आरोपियों को वहां से आई पुलिस ने अलग- अलग स्थान से पकड़ कर मेडिकल कराने के बाद ट्रांजिट रिमांड के लिए ले गई। महाराष्ट्र के पालगांव जिले के नाला सोपारा में इलाके के तीन लोगों ने 2022-23 में 44 लाख रुपये का गबन किया था। इसमें कुंडा के रजनपुर गांव निवासी रेहान, प्रयागराज नवाबगंज थाना क्षेत्र के खानशाह का पुरवा शृंग्वेरपुर निवासी कलीम अहमद ने 20 लाख और फतनपुर रामापुर निवासी अनीस ने 24 लाख का गबन किया था। तीनों के खिलाफ महाराष्ट्र के नाला सोपारा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज थी। उसी मामले में वहां के दरोगा रौत और सांवड़े पुलिस टीम के साथ दो दिन से कुंडा में डेरा डाले थे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में किशोर की मौत

लालगंज, प्रतापगढ़

▸▸ **एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में बड़े भाई की भी गई थी जान**

**अमृत विचार :** आमने सामने दो बाइकों की टक्कर में किशोर की मौत हो गयी। जबकि दो लोगों का गम्भीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक वर्ष बाद दूसरे बेटे की सड़क हादसे में मौत से परिजन बेहाल हैं।

उदयपुर थाना के राजापुर बाजार निवासी अवधेश गौड़ का 17 वर्षीय पुत्र विशेष गौड़ शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे राजापुर बाजार जा रहा था। सामने से उदयपुर थाना के पूरे पाण्डेय निवासी हरिश्चंद्र सरोज का पुत्र 16 वर्षीय सौरभ अपने दोस्त मुबारकपुर निवासी राजा सरोज के 17 वर्षीय पुत्र चन्दर के साथ बाइक से राजापुर बाजार की तरफ जा रहा था। राजापुर चौराहे पर अचानक दोनों बाइकें आमने सामने टकरा गयीं। दुर्घटना मे दोनों बाइकों पर सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये। चिकित्सकों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के परिजन अमेठी के गौरीगंज असैदापुर अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने विशेष को मृत घोषित कर दिया।

### डिजिटल साइनेज बोर्ड बताएगा आपदा से बचाव के तरीके

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** आपदा के समय राहत एवं बचाव की जानकारी डिजिटल साइनेज बोर्ड से मिलेगी। यह व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क है। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के जनसुनवाई कक्ष में इसकी शुरुआत की। यह सभी तहसीलों में भी लगाया जाएगा।

जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें क्या न करें विषय पर जनमानस को समय-समय पर जागरूक किया जाता है। आपदा से राहत व बचाव के प्रति जनजागरूकता के लिए डिजिटल साइनेज बोर्ड बनाया गया है। कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कक्ष में 13 जून को इसकी शुरुआत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने की।

# मधुरिमा को मिला कांस्य

मधुरिमा सिंह को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार।** 22वीं प्री-यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में नगर के टीडी कालेज की खिलाड़ी मधुरिमा सिंह को कांस्य पदक हासिल हुआ। इसके अलावा कालेज के 4 खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट प्रतियोगिता के लिए अर्हता हासिल किया। बता दें कि यूपी स्टेट राइफल क्लब के तत्वावधान में अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में जनपद से 5 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता के फाइनल में मधुरिमा सिंह ने 381 अंक पाकर कांस्य पदक हासिल किया। वहीं नम्रता सिंह, अंकिता मौर्या, अभिषेक व पवन प्रजापति ने यूपी स्टेट के लिए अर्हता हासिल किया।

# समृद्ध जीवन के लिए योग जरूरी : कुलपति

संवाददाता, जौनपुर

▸▸ **परिचर्चा में बताए गए योग के फायदे**

**अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग सप्ताह के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में 'स्वयं और समाज के लिए योग : सक्षम समाज का आधार' विषय पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार को विश्वविद्यालय में किया गया।

परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीनतम परंपरा योग हमारे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जीवन का आधार है। योग हमारे दिनचर्या का अभिन्न अंग होना चाहिए, तभी हम स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन योग एवं ध्यान का अभ्यास करती हैं। उन्होंने उपस्थित जन समूह को कुछ योग क्रिया जैसे ॐ का सही उच्चारण तथा उसके हमारे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि योग का मतलब जोड़ना है, जो हमारी आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। योग को यदि हम आदत बनाते हैं तो यह हमें होने वाली तमाम तनावों व मानसिक समस्याओं से निजात दिला सकता है।

### किसान की मौत, बिना पुलिस को बताए कर दिया अंतिम संस्कार

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार:** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कोलहा गांव निवासी किसान की शनिवार की देर शाम लूं लगने से अचानक तबियत बिगड़ी और कुछ देर बाद मौत हो गई। किसान की मौत होने के बाद परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कोलहा गांव निवासी किसान 50 वर्षीय श्याम नारायण मिश्र शनिवार को धान की डाली गई नर्सरी की निगरानी कर रहे थे कि उसी दौरान अचानक शरीर में बैचेनी महसूस होने लगी और किसान की तबियत बिगड़ गई परिजन तुरंत किसान को अस्पताल लेकर जाने लगे कि कुछ देर में किसान ने घर पर ही दम तोड़ दिया।

# चार लड़कियां डूबीं, दो की मौत

## गंगा स्नान को गईं थीं, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** जिले के चिल्ह थाना क्षेत्र के डिंगुर पट्टी गांव के गंगा घाट पर गंगा दशहरा पर्व के दिन बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गई चार लड़कियां डूब गईं जिसमें दो को बचा लिया गया और दो की डूबने से मौत हो गई। सभी एक ही परिवार के रहने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार गंगा दशहरा के मौके पर गंगा स्नान करने गई थी गहरे पानी में चले जाने से हादसा हो गया। बताया जा रहा है चील्ह थाना क्षेत्र डिंगुरपट्टी गांव के रहने वाले सभी चारों लड़कियां डिंगुरपट्टी घाट पर गंगा नदी में स्नान करने गई थी इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से शालू पुत्री मुन्ना सरोज 15 वर्ष, शिवानी पुत्री दीना सरोज 14 वर्ष, आचल पुत्री रविन्दर 15 वर्ष और नैन्सी पुत्री राम हौसिला सरोज 13 वर्ष डूबने लगीं। चारों लड़कियों को डूबता देख स्थानी लोगों ने गंगा नदी में कूद कर शालू और शिवानी को बचा लिया तो वहीं आंचल और नैंसी डूब गईं।

### सेवटी नदी में स्नान करने गए बालक की डूबने से मौत

**हलिया (मिर्जापुर) ।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव स्थित सेवटी नदी में बच्चों के साथ रविवार की सुबह स्नान करने के लिए गये 11 वर्षीय बालक की नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। बालक के साथ स्नान करने के लिए गये अन्य बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक के शव को नदी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। वहीं बालक के परिजनों में कोहराम मच गया है। प्रयागराज जनपद के मेजा थाना क्षेत्र के पाती गांव निवासी 11 वर्षीय दीपक हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी अपनी बहन रोशनी के यहां रहता था। बचपन में ही माता पिता की मौत हो गई थी। रविवार की सुबह गांव के अन्य बच्चों के साथ बंजारी कला गांव स्थित सेवटी नदी में स्नान करने गया था कि स्नान करते करते नदी के गहरे पानी में जाकर डूबने लगा बालक को पानी में डूबता हुआ देखकर बच्चों ने शोर मचाया लेकिन जब तक बालक को बचाने के लिए ग्रामीण मौके पर पंहुचते तब तक बालक की मौत हो चुकी थी।

## एक नजर

### हादसे में व्यवसायी की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हलियापुर वेलवाई मार्ग पर रविवार की दोपहर कूरेभार कस्बे के सेमरी रोड पर व्यवसाई दिलीप कुमार कसौधन उम्र (45) पुत्र रामचन्दर सड़क दुर्घटना में गभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजनों ने दिलीप को जिला अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुये लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ में दिलीप कसौधन की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### कार से ठोकर मारने के मामले में केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाने के उघड़पुर भटपुरा गांव के अतुल शर्मा अपने दोस्त बजरंगी के साथ बाइक से 13 जून को कोतवाली के कटसारी गांव से रात में आ रहे थे। गांव के समीप एक जाइलो चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। पीड़ित के चाचा दिनेश कुमार शर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को अज्ञात जाइलो चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। रविवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर नमाज गढ़ गांव में जमीन विवाद को लेकर पंकज कुमार एवं राकेश गुप्ता से मारपीट हो गई। जिसमें पंकज कुमार के पक्ष से पंकज कुमार, सुरेश एवं राकेश गुप्ता के पक्ष से राकेश घायल हो गए। पंकज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राकेश गुप्ता, जगन्नाथ, राहुल, आशीष, कैलाश एवं प्रदीप के विरुद्ध तथा राकेश गुप्ता की तहरीर पर सुरेश, मुकेश एवं पिंकू के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धोपाप धाम में उमड़ा जनसैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## गंगा दशहरा: प्रभु राम ने यहां स्नान कर पाई थी ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति, भीषण गर्मी पर भारी पड़ी आस्था, लोगों ने गोदान कर अर्जित किया पुण्य

लंभुआ, सुलतानपुर

धोपाप के गोमती तट पर स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु।

धोपाप घाट पर स्नान कर मंदिर में दर्शन करने जाते आस्थावान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लंभुआ मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित प्रसिद्ध पौराणिक स्थल धोपाप में गंगा दशहरा पर्व पर रविवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धाम में स्थित आदि गंगा गोमती में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान कर राम जानकी मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन किया। रविवार की भोर तीन बजे से ही स्नानार्थियों ने स्नान ध्यान शुरू कर दिया जो पूरे दिन भर चलता रहा। आसपास के अलावा कई राज्यों एवं जनपदों से आये श्रद्धालु ने स्नान किया। भक्त गणों ने अन्न दान, पिंड दान तथा गौ दान कर पुण्य अर्जित किया।

शनिवार की शाम से ही भक्तों का धाम में आने का सिलसिला जारी हो गया था। धोपाप धाम का बहुत बड़ा महत्व है। मान्यता है कि त्रेता युग में भगवान राम के आगमन से धोपाप धाम चर्चित हुआ था। ऐतिहासिक महत्व वाला तीर्थस्थल धोपाप में रावण वध के उपरांत ऋषियों की सलाह पर भगवान राम ने गंगा गोमती के तट पर डुबकी लगाकर पाप से मुक्ति पाई थी, तभी से इस स्थान का नाम धोपाप पड़ गया। प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालु आदि गंगा गोमती में स्नान करते हैं और भगवान राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम इसी स्थान पर स्नान करके ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाए थे। जिस घाट पर भगवान राम ने स्नान किया था उसे रामघाट के नाम से भी जाना जाता है। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व पड़ता है और यहां आसपास और दूरदराज के अलावा कई जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### तपिश भी नहीं डिगा सकी श्रद्धालुओं की आस्था

**लंभुआ:** भीषण तपिश व गर्मी पर भक्तों की आस्था हावी दिखी। भोर तीन बजे से ही शुरू हुआ स्नान दान सुबह होते-होते बढ़ गया। 10 बजे तक भीषण धूप व गर्मी के बावजूद हजारों लोग स्नान करने के लिए धोपाप घाट पर डटे हैं। यह भीड़ देर शाम तक रही।

### जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए हुआ प्रसाद वितरण

**लंभुआ:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में धोपाप धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तहरी तथा रविवार की सुबह से प्रसाद के रूप में बूंदी वितरण कराया गया। कार्यक्रम भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश अग्रहरी तथा पुलिस अधीक्षक ट्रेनिंग बृजेश मिश्रा भी पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी, अवधेश सिंह, अरविंद गुप्ता, राकेश अग्रहरी आदि मौजूद थे।

### सीताकुंड समेत अन्य घाटों पर भी पहुंचे श्रद्धालु

**सुलतानपुर:** गंगा दशहरा पर्व पर जो लोग धोपाप नहीं पहुंच पाते हैं वे अपने स्थानीय घाट पर ही स्नान दान करते हैं। शहर के सीताकुंड घाट पर सुबह से ही भीड़ रही। यहां पर हजारों लोगों ने स्नान किया। घाट पर मौजूद पुरोहितों के माध्यम से पूजा पाठ कर गोदान किया। यहां पर गोमती मित्र मंडल के स्वयं सेवक मेलार्थियों की सेवा में डटे रहे।

### चप्पे-चप्पे पर रही प्रशासन की नजर

**लंभुआ :** धोपाप धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर प्रशासन की नजर रही। एसडीएम दीपक वर्मा, तहसीलदार देवानंद तिवारी, सीओ अब्दुल सलाम, कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्र मेला परिसर में कैंप करते रहे। जगह जगह पुलिस के जवान तैनात थे। इसके अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस के जवानों को तथा महिला सिपाहियों को भी लगाया गया था। घाट पर प्रशासन द्वारा नाव व गोताखोरों की व्यवस्था कराई गई थी। नदी के किनारे किनारे घाट पर रस्सी व बांस के बैरियर लगाए गए थे। जिससे उससे अंदर नदी में जाकर कोई श्रद्धालु स्नान न करें। चार पहिया वाहनों को धाम से कुछ दूर पहले ही रोक दिया गया था।

### गंगा दशहरा पर्व पर जनप्रतिनिधियों ने दिखाई बेरुखी

**लंभुआ :** धोपाप धाम में गंगा दशहरा पर्व पर जहां आस्था का जनसैलाब उमड़ा था, वही सांसद, विधायक, चेयरमैन व ब्लॉक प्रमुख की बेरूखी लोगो को नागवार गुजरी। बीते वर्ष पूर्व सांसद मेनका संजय गांधी ने धोपाप मंदिर परिसर मे गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था। इसके पूर्व विधायक रहे देवमणि ने भी इस परम्परा को निभाया था। चुनाव के पूर्व तमाम निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने होर्डिंग व अपने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे श्रद्धालुओं को जल व शर्बत की व्यवस्था कराया था। इस बार विगत कई सालो का रिकॉर्ड तोडते हुए गंगा स्नान को स्नानार्थी आये, इसके बावजूद भी कोई भी जनप्रतिनिधिगण मेले में लोगों के बीच आना मुनासिब नहीं समझा। नगर पंचायत लंभुआ के विवेक नगर निवासी विनोद सोनी 32 साल पुत्र चंद्रबली की स्नान करते समय डूब जाने से मृत्यु हो गई इस सूचना से जहां कस्बे में शोक की लहर डूब गई। वही कोई जन प्रतिनिधिगण ढांढस बधाने तक भी नहीं आया।

### धोपाप घाट पर डूबने से युवक की मौत

**लंभुआ :** गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम में स्नान करने गया युवक गोमती नदी में डूब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लंभुआ नगर पंचायत निवासी विनोद सोनी पुत्र चंद्रबली सोनी उम्र लगभग 32 वर्ष अपने भाई के साथ गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम में नहाने गया था। गोमती नदी में नहा रहा था, तभी वह पानी में डूब गया। भाई को डूबता देख दूसरे भाई ने आवाज़ लगाई तो आसपास के तथा प्रशासन के लोग गोताखोरों की मदद से ढूंढने लगे। लगभग 40 मिनट बाद कारी मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाल गया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर घर पर मौत की सूचना मिलते ही रोना पीटना मच गया।

### गंगा दशहरा पर राहगीरों को पिलाया गया शर्बत

परशुराम चौक चौराहे पर शर्बत वितरित करते समाजसेवी। अमृत विचार

**संवाददाता, सुलतानपुर :** गंगा दशहरा पर जिले के परशुराम चौक चौराहे पर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के सदस्यों द्वारा शरबत वितरण किया गया। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट, रमा शंकर पांडेय एडवोकेट ने पदाधिकारियो के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां करीब दो हजार राहगीरों को शरबत पिलाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा समाज के सहयोग से समाज की सेवा का भाव परशुराम युवा वाहिनी का संकल्प है। उन्होंने आवाहन किया ज्यादा से ज्यादा लोग उनके संगठन की सदस्यता ले जिससे वह सेवा के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का एक संगठन बना सके और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनकी सेवाएं पहुंच सके। कार्यक्रम में जयशंकर मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, गौरेश शुक्ला, शरद प्रसाद मिश्रा, राजू मिश्रा, नानकन तिवारी, अनिल तिवारी, आशुतोष शुक्ला, संतोष तिवारी, संजय मिश्रा, दीपू मिश्रा उर्फ भानु, एडवोकेट देवेन्द्र पाठक, संजय पाण्डेय, रजनीश उपाध्याय उर्फ़ रज्जन, सत्यम तिवारी, मोहित पाण्डेय, विनोद मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

### कादीपुर में सांसद का सपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सपा सांसद राम भुआल निषाद के क्षेत्र में प्रथम आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। रविवार को कस्बे के पटेल चौक पर पहुंचकर सांसद ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहां पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि मैं जनपद में रहकर जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक भागेलु राम, विधानसभा अध्यक्ष रंजीत यादव, प्रेमचंद निषाद, अलीम एडवोकेट, फूलचंद यादव, अनीस अहमद, हनुमान यादव, इदरीश अहमद सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# गोली मारकर बंदर की हत्या का आरोप

- पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र गोसाईगंज के खरसोमा (कुरैशी पुरवा) में एक बंदर की हत्या करने की खबर सोशल मीडिया वायरल हुई तो हिंदू संगठन आगे आने लगे। ग्रामीणों की मानें तो एयरगन से फायर कर हत्या की गई है। कुरैशी पुरवा पानी टंकी के पास फेका शव फेंका गया था। फोटो सहित वायरल होने पर बंदर का शव विहिप-बजरंगदल ने संज्ञान लिया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी की तरफ से तहरीर नहीं मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल से करीब दो किलोमीटर दूर जहां पर ताजिया दफन किया जाता है उसके बगल तालाब पर जाकर बंदर के शव को बरामद किया। कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि बंदर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। जिन पर आरोप लग रहा है वह लोग घर छोड़कर फरार है। जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### हाईवे पर वाहन की टक्कर से हिरण की मौत

**चांदा, सुलतानपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वन्य जीव हिरन की मौत हो गयी। मामला स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के हाईवे के गड़मा कोइरीपुर गांव की है। यहां पर रविवार की भोर में वन्य जीव हिरन विचरण करते पहुंच गया। हाईवे सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन से जबरदस्त टक्कर हो गयी। जिसके कारण गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क के पटरी के समीप गिर गया। गम्भीर रूप से घायल होने की दशा में इलाज न मिलने के कारण हिरन की मौत हो गई। सड़क के किनारे घायल हिरन को देख कर राहगीरों ने इसकी सुचना वन्यजीव विभाग को देने का प्रयास किया, परन्तु किसी से सम्पर्क नहीं हो सका। जानकारी होने पर चांदा पुलिस व एनएचआई की 1033 टीम पहुंचकर जायजा लिया। क्षेत्रीय लोगों की मानें से भीषण गर्मी के कारण यह हिरण शाहपुर से जंगल से भटक कर यहां आ गया था। मामले की सूचना पर वन क्षेत्रीय अधिकारी रेंज लम्भुआ धीरेन्द्र कुमार यादव, वन रक्षक आनन्द कुमार पाण्डेय, वन माली राम श्रृंगार व आशीष पाण्डेय ने पहुंचकर मृत हिरन के शव को शाहपुर जंगल ले गये।

# धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

- पुलिस ने दो लोगों पर नामजद केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** घर जा रहे युवक को घात लगाए बैठे विपक्षियों ने धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। गंभीर हालत में उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने दो लोगों पर नामजद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

थाना क्षेत्र के हांसापुर गांव निवासी 22 वर्षीय नन्हेंलाल शनिवार रात पांडेबाबा बाजार से साइकिल से घर वापस जा रहा था। गांव के पास पहुंचा था कि रास्ते में पहले से ही खड़े गांव के शिवा और शिवम ने साइकिल रोककर कहासुनी करने के साथ धारदार हथियार से मारने पीटने लगे। जिससे नन्हेलाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों मौके से भाग गये। सूचना पर पहुंचे परिजन नन्हेलाल को लेकर सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ने बताया कि पीड़ित के बड़े भाई की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आज मस्जिदों में होगी बकरीद की नमाज

- बीती शाम से ही बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

संवाददाता, सुलतानपुर

सेवई की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बकरीद का त्योहार सोमवार को मनाया जायेगा। सुबह सात बजे से नमाज का दौर शुरू हो जायेगा। यह सिलसिला अलग-अलग जगह करीब साढ़े 10 बजे तक चलेगा। नमाज के बाद कुर्बानी होगी और फिर एक-दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। जो देर रात तक चलेगा।

इस दौरान गर्मी के कारण दिन में बाजारों में चहल-पहल कुछ कम रही, लेकिन शाम के समय खरीदारों की भीड़ बाजार में देखी गई। सिवईयां तथा अन्य पकवान बनाने के सामानों की खूब बिक्री हुई। इस बार बकरामंडी न लगने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। 10 हजार रुपए से लेकर 35 हजार रुपए तक के बकरों की बिक्री हुई है। 17 जून को ईदुल अजहा (बकरीद) की नमाज जामा मस्जिद अमहट में 10 बजे सुबह होगी। इसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान पढ़ाएंगे। यह जानकारी हैदर अब्बास खां अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है। वहीं किराना मंडी बीबिया मस्जिद में सुबह आठ बजे मौलाना कसीम नमाज पढ़ाएंगे। ईदगाह में सुबह 7.30 बजे मौलाना लतीफ नमाज अता कराएंगे, जबकि मरकज मस्जिद में नमाज आठ बजे होगी। यहां पर मौलाना उस्मान नमाज अदा कराएंगे।

### ई-रिक्शा पलटा, चालक की हालत गंभीर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा पलट जाने से चालक को गंभीर चोट आई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार को करौदी कला थाने के हिन्दुआबाद के अजय (36) तेज गति से अपना ई रिक्शा को चलाते हुए कादीपुर आ रहे थे। वह जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के गौरा बीबीपुर गांव के पास पहुंचे। उनका ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से गंभीर चोट होने के कारण जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2.1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3.1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6.1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8.1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9.1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4.1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8.1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



### वर्ग पहेली -102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 थू | क | ना | | | | |
| | | | 2 क | ट | 3 ले | ट |
| 4 ध | 5 ब | ध | ब | | खा | |
| | ढ़ा | | र् | | जो | |
| 6 अ | व | 7 गं | ड | | खा | |
| रि | | गां | | | | 8 जू |
| हा | | 9 बु | ढ़ौ | ती | | ड़ा |

## सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13.50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष** — आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** — आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला** — आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक** — आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन** — आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मेला — सुबह : 10.15
भीष्म — रात : 07.00
गैम्बलर — सुबह : 10.49

**ZEE ACTION**
कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

**SONY PIX**
द मास्क — सुबह : 11.15
सैन एंड्रियास — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
नागभूमि — सुबह : 11.23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12.30
स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया›
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

## एक नजर

### रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

### लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

# अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

## राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नीट मामला**

मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

### पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

## नए आपराधिक कानून लागू करने को किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

**कोलकाता, एजेंसी**

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू

केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

## दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

## हाशिम बाबा गिरोह का एक सदस्य रेकी करते समय दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में दो व्यापारियों की कथित तौर पर रेकी कर रहे हाशिम बाबा गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सलीम (30) थाईलैंड में रहने वाले गिरोह के भगोड़े सदस्य राशिद केबलवाला के निर्देश पर यमुना पार क्षेत्र के व्यवसायियों की रेकी कर रहा था। उसने बताया कि सलीम मैसेजिंग एप्लीकेशन के माध्यम से हाशिम बाबा और राशिद के साथ नियमित संपर्क में था।

## दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

**राजकोट, एजेंसी**

**राजकोट गेमिंग जोन आग मामला**

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा करने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने इस काम में मदद लेने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के गश्ती दल ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली पाइपलान में रिसाव की जानकारी दी थी जो सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र से दक्षिणी दिल्ली के इलाकों तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन है।

आतिशी ने कहा-गढ़ी मेडू में डी.टी.एल. सबस्टेशन के पास पाइपलाइन में रिसाव हुआ था। हमारे गश्ती दल को पता चला कि पाइपलाइन में 375 एम.एम. के कई बड़े बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट कटा हुआ था जिससे रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा-इससे पता चलता है कि पाइपलाइन में कुछ गड़बड़ी की गई है या उसमें जानबूझकर तोड़फोड़ की गई है।

### भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। यह अजीब और आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री पानी चोरी कर रहे हैं और दिल्ली में टैंकर माफिया चला रहे हैं।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है।

### आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घटी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

# आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

## भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

### इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

### एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

## लंदन से अचार के लिए 900 किलो आम की डिमांड

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद**

- रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात

**अमृत विचार :** मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

**17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश:** जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगों पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

### एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

## एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

### सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

## अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।

### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

- हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

# भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त

जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

# अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।

स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

# तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

# इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।

जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

## मां की ममता

चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। ● एजेंसी

# चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12 :27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61 .01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154 .24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10 .0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर

अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब

अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

# भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13 .1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5 .40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7 .70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13 .10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7 .70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5 .40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13 .10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

# समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

# चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।